हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 20 जून 2025 | अंक 245/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा संपन्न कर दिल्ली लौटे पीएम

> पीएम मोदी ने जी 7 नेताओं को दिये तोहफे

नई दिल्ली.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा से गुरुवार को दिल्ली वापस लौट आए. पीएम मोदी बुधवार को अपनी यात्रा पूरी कर क्रोएशिया से भारत के लिए रवाना हुए. इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी सबसे पहले साइप्रस पहुंचे. उसके बाद पीएम मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए कनाडा पहुंचे, आखिर में पीएम मोदी ने क्रोएशिया की यात्रा की. पीएम मोदी की तीनों देशों की यात्रा सफल रही. पीएम पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने क्रोएशिया की राजकीय यात्रा की. पीएम मोदी ने अपनी इस यात्रा को खास बनाने के लिए क्रोएशिया और साइप्रस के राष्ट्राध्यक्षों को गिफ्ट भी दिए. ये उपहार भारतीय सांस्कृतिक विरासत और

हस्तशिल्प के थे.

पीएम मोदी ने किसे क्या दिया गिफ्ट

प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के आखिरी पड़ाव में क्रोएशिया पहुंचे थे. जहां पीएम मोदी ने क्रोएशिया के राष्ट्रपति को ओडिशा की पट्टचित्र पेंटिंग तोहफे में दी. जबकि पीएम मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री को राजस्थान की सिल्वर कैंडल स्टैंड भेंट की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तोहफों को उपहार में देकर भारतीय कला और संस्कृति को एक नई पहचान देने का काम किया. इसके साथ ही पीएम मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा में मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम पार्डो को एक वारली पेंटिंग भेंट की. बता दें कि ये वारली पेंटिंग महाराष्ट्र के वारली समुदाय की एक पारंपरिक आदिवासी कला है. जो भारतीय लोक कला के सबसे पुराने एवं सरल रूपों में से एक है. इसमें मिट्टी की दीवारों या पृष्ठभूमि पर सफेद चावल के पेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है. इस पेंटिंग में रोज़मर्रा की ज़िंदगी का नजारा देखने को मिलता है. जिसमें खेती किसानी, मछली पकड़ना, नृत्य करना और गांव के उत्सव आदि शामिल होते हैं.

पीएम मोदी के 4 बड़े बयान

- भारत और क्रोएशिया दोनों लोकतंत्र जैसे मूल्यों से जुड़े हैं प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया की पहली यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए वहां की सरकार और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत और क्रोएशिया लोकतंत्र, कानून और विविधता जैसे साझा मूल्यों से जुड़े हैं।
- दोनों देशों के बीच डिफेंस, डिजिटल में साझेदारी बढ़ेगी दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से बढ़ाने का निर्णय लिया। रक्षा सहयोग योजना, व्यापार, फार्मा, कृषि, आईटी, डिजिटल व स्वच्छ तकनीक जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाई जाएगी।
- संस्कृति, शिक्षा और सहयोग को मजबूत किया जाएगा भारत-क्रोएशिया के सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। हिंदी चेयर की टाइमलाइन 2030 तक बढ़ाई गई है, 5 साल का सांस्कृतिक कार्यक्रम तय हुआ है और लोगों की आवाजाही के लिए मोबिलिटी समझौता जल्द होगा।
- भारत-क्रोएशिया साझेदारी को और मजबूत करेंगे पीएम मोदी ने कहा कि क्रोएशिया में भले ही यह यात्रा छोटी है, लेकिन मुझे आपके शहर की संस्कृति, जीवनशैली और यहां के लोगों की गर्मजोशी का अनुभव हुआ। यहां मुझे अपनेपन का एहसास हुआ।

अमित शाह 22-23 को छत्तीसगढ़ में

दौरे में सुरक्षा-विकास पर रहेगा फोकस

नई दिल्ली.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 और 23 जून को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर जा रहे हैं. इस दौरान वे राज्य में चल रही केंद्रीय विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे, महत्वपूर्ण संस्थानों का उद्घाटन करेंगे और राज्य के सुरक्षा हालात की समीक्षा करते हुए नक्सल उन्मूलन अभियानों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक करेंगे. गृह मंत्री का यह दौरा छत्तीसगढ़ की राजनीति और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से अहम माना जा रहा है, खासकर तब जब राज्य में नक्सली गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

अपने दौरे के पहले दिन 22 जून को अमित शाह नया रायपुर स्थित अटल नगर में विभिन्न केंद्रीय संस्थानों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. इनमें खासतौर पर नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के रायपुर परिसरों का उद्घाटन शामिल है. इन संस्थानों के शुरू होने से छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में आपराधिक मामलों की जांच की वैज्ञानिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा. इसके बाद गृह मंत्री एक उच्चस्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे. बैठक में छत्तीसगढ़ के वर्तमान आंतरिक सुरक्षा हालात की समीक्षा की जाएगी और विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे अभियानों की प्रगति पर चर्चा होगी. बैठक का उद्देश्य राज्य में शांति और स्थायित्व को मजबूत करना है. दौरे के दूसरे दिन अमित शाह नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले का दौरा करेंगे. यहां वे सुरक्षा बलों के जवानों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं व जमीनी हकीकतों को समझने का प्रयास करेंग. इसके अलावा गृह मंत्री स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगे.

नारायणपुर, बस्तर संभाग के उन जिलों में से एक है, जहां नक्सली गतिविधियों का गहरा प्रभाव रहा है. अमित शाह की यह यात्रा न केवल सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाएगी बल्कि यह संदेश भी देगी कि केंद्र सरकार नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास और स्थायित्व लाने के लिए प्रतिबद्ध है. गृह मंत्री का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब केंद्र सरकार नक्सलवाद के खात्मे को लेकर अंतिम चरण की रणनीति पर काम कर रही है. छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में पिछले एक साल में नक्सली घटनाओं में कमी दर्ज की गई है. इस पृष्ठभूमि में अमित शाह का यह दौरा सुरक्षा समीक्षा के साथ-साथ स्थानीय विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगा.

सोनम और राज को 2 दिन की पुलिस कस्टडी

इंदौर.

के राजा रघुवंशी हत्या मामले में शिलॉन्ग की एक कोर्ट ने गुरुवार (19 जून 2025) को सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाहा की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी. वहीं इस हत्या में शामिल तीन अन्य आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. ईस्ट खासी हिल्स के एसपी ने बताया, "हमने 2 दिन की पुलिस रिमांड मांगी है, क्योंकि हमारी टीम अभी भी इंदौर में है. जैसे-जैसे हमें उनसे और इनपुट मिलेंगे. हम इन लोगों से पूछताछ कर सकते हैं. जरूरत पड़ने पर हम हिरासत को कोर्ट से बढ़वा लेंगे. बाकी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. सोनम और राज के साथ अपना काम पूरा करने के बाद, हम शायद बाकी तीन आरोपियों के पास वापस लौटेंगे और फिर से उनकी पुलिस हिरासत की मांग करेंगे." एसपी विवेक सिम ने कहा, "हमने फोन बरामद नहीं किए हैं. उसके पास तीन फोन थे और उनमें से दो को उसने नष्ट करके फेंक दिया और हमारी टीम अभी भी तीसरे फोन की तलाश कर रही है. संजय वर्मा ट्रकॉलर में दर्ज एक काल्पनिक नाम है और उस सिम नंबर को रखने वाला असली व्यक्ति वास्तव में राज कुशवाहा है."

'अब मेड इन नागपुर होंगे फाल्कन 2000 बिजनेस जेट'

फडणवीस बोले-ये मील का पत्थर

नई दिल्ली.

भारत में अब बिजनेस जेट बनेंगे. इसके लिए देश के जाने माने उद्योगपति अनिल अंबानी की रिलायंस एरोस्ट्रक्चर कंपनी ने फ्रांस की दसॉल्ट एविएशन कंपनी से करार किया है. इस पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से कहा गया कि ये भारत के एयरोस्पेस भविष्य के लिए एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है. मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से कहा गया, "नागपुर और महाराष्ट्र के लिए बड़ी खबर. फाल्कन 2000 बिजनेस जेट अब 'मेड इन नागपुर' होंगे. दसॉल्ट एविएशन पहली बार फ्रांस के बाहर भारतीय और वैश्विक बाजारों के लिए फाल्कन 2000 जेट का निर्माण करेगा.'' महाराष्ट्र सीएमओ की ओर से आगे कहा गया, ''यह ऐतिहासिक निर्माण के लिए दसॉल्ट एविएशन और रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर भागीदार हैं. कॉर्पोरेट और सैन्य उपयोग के लिए 2028 तक पहली डिलीवरी होगी.

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में उछाल

बहरहाल दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक भारत घरेलू उत्पादन को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है. वैश्विक कंपनियों को भारत में उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. ऐसा या तो अपने दम पर या घरेलू भागीदारों के साथ मिलकर किया जा रहा है. केंद्र सरकार का लक्ष्य रक्षा निर्यात को बढ़ावा देना भी है, जो मार्च के अंत में वित्तीय वर्ष में 12% बढ़कर 2.76 बिलियन डॉलर हो गया. उधर, इस खबर के बाद दोपहर के कारोबार में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 5% की उछाल आई, जबकि दसॉल्ट के शेयर काफी हद तक स्थिर रहे हैं.

केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने पहलगाम में पर्यटकों से की बातचीत

नई दिल्ली.

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार को पहलगाम पहुंचे और उन्होंने उस स्थान का दौरा किया, जहां आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। शेखावत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने कश्मीर के आम जनजीवन को एक नया जज्बा दिया है और अब पहलगाम में पर्यटन की रौनक लौट रही है। अपने जम्मू एवं कश्मीर दौरे के दूसरे दिन शेखावत ने पहलगाम में स्थानीय लोगों से बातचीत की। लोगों ने इस बात पर भरोसा जताया कि उन्हें सुरक्षा पर पूरा विश्वास है और वो आतंकी मंसूबों को हर हाल में नाकाम करने के लिए तैयार हैं। जोधपुर लोकसभा सीट से सांसद और केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सज्जाद अहमद भट से भी मुलाकात की, जिसने आतंकी हमले के दौरान पीड़ितों की मदद की थी। शेखावत ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन की परवाह न करते हुए घायल लोगों को पीठ पर उठाकर अस्पताल पहुंचाया था। पहलगाम में उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। वह वास्तव में हम सबके एक सच्चे हीरो हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने अवंतिपुरा के मंदिरों का अवलोकन भी किया। उन्होंने अधिकारियों से संरक्षण और पर्यटक सुविधाओं के बारे में भी विवरणपूर्वक विचार-विमर्श किया। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति अनुसार पर्यटन विकास की संभावनाओं की पड़ताल जमीन पर जारी है, जिसका एक प्रमुख उद्देश्य स्थानीयजनों के रोजगार-व्यवसाय में वृद्धि भी है। उन्होंने कहा कि अवंतिपुरा सुंदर राज्य के इतिहास की सुंदर कहानी लगता है।राजा अवंतिवर्मन ने यहां अनेक मनमोहक और भव्य मंदिरों का निर्माण कराया था, जिनमें से जो शेष हैं, उन्हें देखकर एक अपूर्व अनुभव मिलता है। इन प्राचीन मंदिरों का अपना एक विशिष्ट स्थापत्य है। जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बुधवार रात मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। अब्दुल्ला की ओर से एक विशेष रात्रिभोज के लिए शेखावत को आमंत्रित किया गया था। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में जम्मू एवं कश्मीर को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में साझा प्रयासों पर जोर दिया गया। चर्चा में पर्यटन के माध्यम से बुनियादी ढांचे के विस्तार, विरासत स्थलों को सहेजने और स्थानीय समुदायों के लिए सतत आजीविका के अवसर सृजित करने की रणनीतियों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू एवं कश्मीर की सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार की सक्रिय भागीदारी का स्वागत करते हुए पर्यटन क्षेत्र को रोजगार और समावेशी विकास का इंजन बताया।

पोस्को मामले के आरोपी को जमानत

हाई कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इनकार, कहा- पीड़िता के पलटे बयान

नई दिल्ली.

दिल्ली हाई कोर्ट ने एक फैसले में एक व्यक्ति को पोस्को अधिनियम के तहत बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया. हाई कोर्ट के जस्टिस अमित महाजन ने दिल्ली सरकार के सितंबर 2020 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली अर्जी को खारिज कर दिया. दरअसल यह मामला 12 साल से कम उम्र की बच्ची से कथित यौन उत्पीड़न से जुड़ा था. जिसके तहत आरोपी पर पोस्को की धारा 9 और 10 के तहत मामला दर्ज किया गया था. हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में कोई है, लिहाजा मामले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नही है,

दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस अमित महाजन ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी भी अदालत से आरोपी को बरी किए गए फैसले में केवल तभी हस्तक्षेप किया जाना चाहिए जब उस मामले में पर्याप्त और मजबूत कारण हो. कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि निचली अदालत से आरोपी को बरी करने का फैसला उचित था. क्योंकि बच्ची और उसके माता-पिता के बयानों में बड़ा अंतर देखने को मिला था. वही मामले में भी विश्वसनीय और ठोस आधार नहीं क्रॉस एग्जामिनेशन के दौरान पीड़िता ने अपने पहले लगाए गए आरोपों से पलटते हुए कहा था कि आरोपी ने सिर्फ थप्पड़ मारा था, यौन उत्पीड़न नहीं किया. पीड़िता के पिता ने भी कोर्ट में कहा कि उन्हें ऐसे किसी घटना की जानकारी उनकी पत्नी ने नहीं दी थी और ना ही उन्होंने पुलिस को कोई सूचना दी. वही मामले में पीड़िता की मां ने भी अपने बयान में यह माना था कि बच्ची ने कभी भी आरोपी से यौन उत्पीड़न की जानकारी उन्हें नहीं दी. कोर्ट ने इसे अभियोजन पक्ष की बड़ी चूक करार दिया. हालाकि मामले में आरोपी के पक्ष में 2 पड़ोसियों ने भी गवाही दी और बताया कि आरोपी और पीड़िता की मां के बीच में किसी बात को लेकर कहां सुनी हुई थी. जिस पर पुलिस बुलाया गया लेकिन उन्होंने भी किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की घटना से साफ इनकार किया. दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी कहा है कि अभियोजन पक्ष के पास आरोपी को साबित करने के लिए कोई मेडिकल और फिजिकल सबूत नही थे.

हाईकोर्ट ने कहा इस मामले में ना तो पीड़िता और ना ही उसके माता-पिता और ना ही कोई अन्य गवाह अभियोजन के पक्ष में खड़ा हुआ. ऐसे में निचली अदालत का आरोपी को बरी करने का फैसला बिल्कुल सही था.

इस फैसले के साथ हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार की अपील को खारिज कर दिया और आरोपी को राहत दी.

ईरान से परमाणु जखीरा छीन पाक में रखेगा अमेरिका?

ट्रंप-मुनीर मीटिंग का क्या यही है असली प्लान

नई दिल्ली.

डोनाल्ड ट्रंप के बुलावे पर वॉशिंगटन पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात की. ईरान-इजराइल युद्ध के बीच हुई इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं. ऐसी खबरें हैं कि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जंग में उतरने की योजना को हरी झंडी दे दी है. चर्चाएं तेज हैं कि ईरान की नकेल कसने के लिए ट्रंप ने मुनीर से सहयोग मांगा है. इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा है कि ट्रंप की पाकिस्तान पर नजर इसलिए है क्योंकि ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई के बाद उसके परमाणु जखीरे को पाकिस्तान में शिफ्ट किया जा सकता है.

तो ईरान में उतारनी होगी अमेरिकी फौज

माइकल रुबिन अमेरिकी पेंटागन में अधिकारी रह चुके हैं और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के सीनियर एनालिस्ट हैं. एएनआई से बातचीत में रुबिन ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करने के लिए अमेरिकी फौजों को ईरान में घुसना होगा. ऐसे में एक संभावना ये भी है कि मामला ठंडा होने के बाद ईरान की न्यूक्लियर सप्लाई को पाकिस्तान की निगरानी में सौंपा दिया जाए. हालांकि रुबिन ने ये भी कहा कि ईरानी परमाणु सामग्री रखने या फिर सहयोग के लिए पाकिस्तान को फूटी कौड़ी भी नहीं दी जानी चाहिए.

'ईरान-पाकिस्तान असल में दोस्त नहीं'

रुबिन कहते हैं कि पाकिस्तान और ईरान भले ही कभी कभार एकदूसरे का सहयोग करते हैं, लेकिन असल में वे एकदूसरे के प्रतिद्वंदी हैं. 1998 में जब पाकिस्तान ने परमाणु परीक्षण किया था, तब ईरान में अधिकतर लोग मान रहे थे कि ये उसी के लिए किया गया है. ऐसे में अगर अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बंद करवाता है तो यह पाकिस्तान के लिए अच्छा ही होगा. ईरानी परमाणु कार्यक्रम पाकिस्तान के लिए एक रणनीतिक चुनौती की तरह है.

पाकिस्तान को मिलेगा ईरानी एटमी जखीरा?

माइकल रुबिन ने कहा कि ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ठप करने की ठान चुके हैं. ऐसा करने के लिए अमेरिका को अपनी फौज, स्पेशल फोर्सेज के कमांडो ईरान में उतारने होंगे. शायद इसकी मंजूरी भी मिल जाए. अगर ऐसा होता है और ईरान की परमाणु सामग्री को निकालकर ले आते हैं तो उसे कहीं न कहीं तो रखना होगा. शायद इसीलिए पाकिस्तान से बात हो रही है. हो सकता है कि इसके लिए पाकिस्तान को चुना जाए.

कोका-पेप्सी को टक्कर देने आ रहा अंबानी का कैम्पा

8000 करोड़ की तैयारी

नई दिल्ली.

कोका-कोला और पेप्सी जैसे इंटरनेशनल दिग्गजों के लिए अब खतरे की घंटी बज चुकी है और ये खतरा कहीं और से नहीं, बल्कि भारत के सबसे बड़े बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी की तरफ से आ रहा है. कैम्पा कोला जब से भारत में रिलॉन्च हुआ है. इसने कोका कोला और पेप्सी जैसे दिग्गज ब्रांड्स के पसीने छुड़ा रखे हैं. अब मुकेश अंबानी कोला और पेप्सी को 8000 करोड़ का तगड़ा झटका देने के लिए एकदम तैयार हैं.दरअसल, इस बार कैम्पा कोई पुरानी याद नहीं, बल्कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का नया हथियार है और इसका निशाना है भारत का 60,000 करोड़ रुपये का सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट. आइए जानते हैं मुकेश अंबानी क्या है मुकेश अंबानी का 8000 करोड़ का प्लान? कोका-कोला और पेप्सी जैसी ग्लोबल दिग्गजों को अब भारत में घरेलू चुनौती का सामना करना पड़ सकता है और वो भी किसी आम ब्रांड से नहीं, बल्कि मुकेश अंबानी की कैम्पा कोला से. रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपने सॉफ्ट ड्रिंक बिजनेस में 8000 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है, जिससे भारत का शीतल पेय बाजार पूरी तरह से नया रूप ले सकता है.

❑ लेकिन कंपनी की योजना बिल्कुल स्पष्ट है मार्च 2027 तक अपने सभी प्रोडक्ट्स को देशभर में उपलब्ध कराना. इतना ही नहीं, 2026 के मार्च तक बीवरेज जैसे प्रमुख सेगमेंट में 70% बाजार तक पहुंचने का लक्ष्य है. ये बात इकोनॉमिक रिपोर्ट आरसीपीएल के डायरेक्टर टी. कृष्ण कुमार के हवाले से कही गई है.

दरअसल, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अगले 12 से 15 महीनों में अपने शीतल पेय कारोबार, खासकर कैम्पा ब्रांड, में 6,000 से 8,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने जा रही है. यह कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा कैपेक्स प्लान है, और यह सीधे तौर पर सिर्फ कोक या पेप्सी नहीं, बल्कि देशभर के लो-कॉस्ट रीजनल ब्रांड्स को भी टक्कर देगा. 8000 करोड़ रुपये का निवेश अगले कुछ वर्षों में किया जाएगा, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग शामिल है. भारत के हर छोटे-बड़े कस्बे और शहर में कैम्पा को बोतल-बोतल पहुंचाने की योजना बना रहा है. इस डील के जरिए रिलायंस न सिर्फ कंज्यूमर मार्केट में अपना पैर मजबूत करेगा, बल्कि बी 2बी और आउटलेट चेन को भी कैम्पा से जोड़ने का प्रयास करेगा.अब तक कैम्पा और अन्य ड्रिंक्स 18 प्लांट्स में बन रहे हैं, जो सभी को-इनवेस्टमेंट मॉडल पर आधारित हैं. यानी, रिलायंस लोकल पार्टनर के साथ मिलकर इन फैक्ट्रियों में उत्पादन कर रही है. रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपने ब्रांड को लेकर बड़े सपने देख रही है, लेकिन फिलहाल ये ब्रांड चुनिंदा बाजारों तक ही सीमित हैं. कंपनी की तरफ से इस पर पूछे गए सवालों का अब तक कोई जवाब नहीं मिला है.आरसीपीएल की रणनीति बेहद खास है कंपनी देश के उन 600 मिलियन उपभोक्ताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो आमतौर पर मिड या लोअर-इनकम सेगमेंट से आते हैं. यही नहीं, रिलायंस मोहल्ले की किराना दुकानों के साथ नजदीकी संबंध बनाकर उन्हें मौजूदा लागत पर बेहतर मुनाफा दे रही है, ताकि उसकी सप्लाई चैन तेज़ और मजबूत हो.

टाटा की सौतेली बहनों को नहीं मिलेगा संपत्ति में हिस्सा

नई दिल्ली.

रतन टाटा की सौतेली बहनों को बड़ा झटका लगा है. दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अहम बात साफ की है कि रतन टाटा की लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में जो हिस्सेदारी है, वह उनकी दो फाउंडेशन को जाएगी. यह हिस्सेदारी उनकी सौतेली बहनों को नहीं मिलेगी. जब टाटा की संपत्ति के प्रशासकों ने हाई कोर्ट से पूछा कि दिवंगत उद्योगपति का इक्विटी पोर्टफोलियो किसे मिलेगा? कोर्ट ने हाल ही में इस बारे में आदेश दिया और इससे टाटा की वसीयत के प्रोबेट का रास्ता खुल गया है. यह प्रक्रिया एक महीने में पूरी होने की उम्मीद है.कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि रतन टाटा की लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में हिस्सेदारी उनकी दो फाउंडेशन रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को दी जाएगी. इस हिस्सेदारी में उनकी सौतेली बहनों शिरीन और डीना जेजेभोय और मोहिनी दत्ता को कोई अधिकार नहीं मिलेगा. बता दें, मोहिनी दत्ता खुद को टाटा का दत्तक पुत्र बताते हैं और वे रतन टाटा के निकट सहयोगी भी रहे हैं. हालांकि प्रशासकों में आपसी कोई विवाद नहीं था, लेकिन वे कुछ मामलों में लाभार्थी भी थे. साथ ही, अन्य उत्तराधिकारियों की ओर से टाटा की वसीयत से जुड़े परिशिष्टों पर सवाल उठाए गए थे. खासकर यह प्रश्न था कि वसीयत के खंड 4 से 8 में जिन लोगों उनकी सौतेली बहनों और मोहिनी दत्ता को लाभार्थी बताया गया था, उन्हें गैर-टाटा संस शेयर भी दिए जाएं या नहीं. लेकिन, वसीयत के खंड 13 और चौथे परिशिष्ट के मुताबिक रतन टाटा की संपत्ति की अंतिम इच्छा में बदलाव किया गया था. कोर्ट ने साफ किया कि परिशिष्ट वसीयत पर प्रभावी होता है, और इसे सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मिसालों का हवाला देते हुए मान्यता दी गई.

फ्रांस-भारत सहयोग फाल्कन 2000 जेट का मैन्युफैक्चरिंग शुरू

मुंबई.

पेरिस एयर शो में डसॉल्ट एविएशन और रिलायंस एरोस्ट्रक्चर लिमिटेड ने भारत में फाल्कन 2000 बिजनेस जेंट्स के निर्माण हेतु रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह पहली बार होगा जब फ्रांस के बाहर फाल्कन 2000 जेट्स का निर्माण होगा। महाराष्ट्र के नागपुर में इन जेंट्स की फाइनल असेंबली लाइन स्थापित की जाएगी.

इस कदम से भारत को अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राज़ील जैसे देशों की सूची में शामिल कर दिया जाएगा, जो अगली पीढ़ी के बिजनेस जेंट्स बनाते हैं। साझेदारी के तहत ड्राल को फाल्कन 6एक्स और 8एक्स की असेंबली जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी।

डसॉल्ट के चेयरमैन एरिक ट्रैपियर ने इसे 'मेक इन इंडिया' के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया, जबकि अनिल अंबानी ने इसे 'आत्मनिर्भर भारत' को मजबूती देने वाला कदम बताया। 2028 तक भारत से पहले 'मेड इन इंडिया' फाल्कन 2000 जेट के उड़ान भरने की उम्मीद है। यह विकास भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करेगा और सैकड़ों इंजीनियरों व तकनीशियनों के लिए रोजगार के अवसर भी खोलेगा।

ईरानी मिसाइल रोकने पर इजरायल कर रहा भारी खर्च

जेरूसलम.

ईरान और इजरायल के बीच चल रहे मौजूदा तनाव के बीच एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है. सुरक्षा के लिए मशहूर इजरायल अब अपने सबसे महंगे हथियारों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहा है और उसकी कीमत हर गुजरती रात के साथ बढ़ती जा रही है.

ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोकने के लिए इजरायल हर रात करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है. इजरायल के डिफेंसिव इंटरसेप्टर की कीमत काफी ज्यादा है. पाकिस्तान जैसे छुटभैया देश तो इसकी कल्पना तक नहीं कर सकते हैं. ऐसे में आइए जानते हैं इजराइल का डिफेंसिव



सिस्टम कितना महंगा है और वो ईरानी मिसाइलों को रोकने के लिए हर रात कितना खर्च कर रहा है?

इस भारी-भरकम खर्च का सीधा संबंध इजरायल की मल्टी-लेयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम से है, जिसमें तीन प्रमुख इंटरसेप्टर सिस्टम शामिल हैं एरो सिस्टम, डेविड्स स्लिंग और आयरन डोम. इन तीनों की अपनी-अपनी भूमिका और कीमत है, और मौजूदा संघर्ष में इनका स्टॉक तेजी से घटता जा रहा है. यह सिस्टम मध्यम दूरी की मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और बड़े रॉकेटों को रोकने के लिए इस्तेमाल होता है. इसकी एक मिसाइल कीमत 10 लाख डॉलर से अधिक यह सिस्टम गाजा या सीमावर्ती इलाकों से आने वाले रॉकेटों और मोर्टार को इंटरसेप्ट करने के लिए है. इसकी एक मिसाइल की कीमत 20,000 से 100,000 डॉलर है.वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका को इस संकट की जानकारी महीनों पहले ही हो चुकी थी. अब जब हालात वास्तविक युद्ध की ओर बढ़ते दिख रहे हैं, इजरायल को अपने डिफेंस इंटरसेप्टर के खर्च और स्टॉक दोनों को लेकर दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है.

पेट्रोल और डीजल हो सकते हैं महंगे



तेहरान. इजराइल-ईरान के बीच जंग को शुरू हुए आज 7वां दिन है, दोनों ही देश एक दूसरे के ऊपर हवाई हमले कर रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान ईरान को हुआ है. जहां इजराइल के हमले में ईरान के टॉप आर्मी कमांडर और 9 परमाणु वैज्ञानिक की मौत हुई है, वहीं ईरान के हमलों में इजराइल की खुफिया एजेंसी का मुख्यालय और स्टॉक मार्केट की बिल्डिंग पूरी तरह तबाह हो गए हैं. फिलहाल इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के रुकने के आसार नहीं हैं, बल्कि अमेरिका के इसमें शामिल होने से ये जंग और भी विकराल रूप धारण कर सकती है.

आपको बता दें ईरान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा ऑयल प्रोड्यूसर देश है और दुनिया भर के क्रूड का 20 फीसदी व्यापार ईरान की समुद्री सीमा में से होता है, ऐसे में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में लगातार कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं. जिनका बोझ आने वाले दिनों में आम आदमी पर पड़ना निश्चित है.गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखने को मिली. इसकी वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उछाल रही, जो कि इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते हुई हैं. एमसीएक्स पर जुलाई डिलीवरी वाले कच्चे तेल का भाव 6,360 रुपए प्रति बैरल पर खुला, जबकि पिछला बंद स्तर 6,334 रुपए था. दिन में यह 2% चढ़कर 6,467 रुपए तक पहुंच गया और आखिरी बार 6,443 रुपए प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा. रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी का कहना है कि, "कच्चे तेल की कीमतें पांच महीने के उच्च स्तर पर बनी हुई हैं क्योंकि संघर्ष सातवें दिन में प्रवेश कर चुका है. तेल बाजार की सबसे बड़ी चिंता होर्मुज की खाड़ी है, जो दुनिया के कुल तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा संभालती है. हालांकि अब तक ईरान ने सप्लाई रोकने के संकेत नहीं दिए हैं. वहीं अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को स्थिर रखा है लेकिन साल के अंत तक दो बार कटौती के संकेत दिए हैं, जिससे मांग बढ़ने की उम्मीद है.गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, मौजूदा हालात को देखते हुए प्रति बैरल कीमत में 10 का 'जोखिम प्रीमियम' उचित है और यदि स्थिति बिगड़ती है तो ब्रेंट क्रूड की कीमतें 90 तक जा सकती हैं.

केंद्रीय कर्मचारियों के भत्ते में हो सकती है कटौती

नई दिल्ली.

केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस अलाउंस को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है, जो लाखों कर्मचारियों की जेब पर असर डालने वाला है. दरअसल, सरकार ने ड्रेस अलाउंस के नियमों में बदलाव कर दिया है जिसके तहत अब नए कर्मचारियों को पूरे साल का ड्रेस अलाउंस नहीं मिलेगा. इसके बजाय अब यह भत्ता प्रो-रेटा आधार पर दिया जाएगा. यानी अगर आप साल के बीच में नौकरी जॉइन करते हैं तो आपको उतने ही महीनों का भत्ता मिलेगा जितने महीने आपकी जॉइनिंग से अगले जून तक बचे हैं.

केंद्र सरकार ने ड्रेस अलाउंस के नियमों में जो बदलाव किया है, उसका असर उन कर्मचारियों पर पड़ेगा जो जुलाई 2025 के बाद नौकरी शुरू करेंगे. पहले की व्यवस्था में अगर कोई कर्मचारी साल के किसी भी महीने में नौकरी जॉइन करता था तो उसे पूरे साल का ड्रेस अलाउंस मिलता था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. नए नियम के तहत, अगर आप जुलाई 2025 के बाद जॉइन करते हैं तो आपको केवल उन महीनों का भत्ता मिलेगा जो आपकी जॉइनिंग की तारीख से लेकर अगले साल जून तक होंगे. इस बदलाव की घोषणा वित्त मंत्रालय ने मार्च 2025 में एक आदेश के जरिए की थी. इस आदेश में साफ कहा गया है कि ड्रेस अलाउंस अब प्रो-रेटा आधार पर दिया जाएगा.

इसका मतलब है कि भत्ता आपकी जॉइनिंग की तारीख के आधार पर हिसाब-किताब करके दिया जाएगा. इस नियम का असर उन लाखों कर्मचारियों पर होगा, जो हर साल केंद्रीय सरकार की विभिन्न सेवाओं में शामिल होते हैं.नए नियम के तहत ड्रेस अलाउंस की गणना एक खास फॉर्मूले के आधार पर होगी. वित्त मंत्रालय ने इस फॉर्मूले को बेहद साफ और सरल तरीके से समझाया है. फॉर्मूला है.7वें वेतन आयोग के तहत ड्रेस अलाउंस की राशि कर्मचारियों के वर्ग और उनकी सेवा के आधार पर तय की गई है. अलग-अलग विभागों और सेवाओं के कर्मचारियों को अलग-अलग राशि दी जाती है.

शेयर बाजार में अभी और गिरावट के आसार

नई दिल्ली. भारतीय शेयर बाजार इन दिनों सुस्ती के दौर से गुजर रहा है. बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल है और विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति अभी कुछ और समय तक बनी रह सकती है. इंडियाचार्ट्स डॉट कॉम के संस्थापक और मार्केट स्ट्रैटेजिस्ट रोहित श्रीवास्तव ने चेतावनी दी है कि निफ्टी 50 सूचकांक जल्द ही 24,000 से 23,500 के स्तर तक फिसल सकता है. गुरुवार, 19 जून को सुबह के कारोबार में निफ्टी 50 ने 24,803 पर खुलने के बाद मामूली बढ़त के साथ 24,837 पर कारोबार किया, जो पिछले बंद 24,812 से 0.10 फीसदी ज्यादा था लेकिन बाजार की यह सुस्ती निवेशकों के लिए चिंता का सबब बनी हुई है. रोहित श्रीवास्तव के मुताबिक, निफ्टी 50 में अप्रैल 2025 के बाद पहली बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है. उन्होंने कहा, 'निफ्टी को जल्द ही कोई बड़ा ब्रेकआउट मिलने की उम्मीद नहीं है. यह गिरावट बाजार को 24,000 से 23,500 के स्तर तक ले जा सकती है. अगस्त 2024 के बाद ही बाजार में कोई ठोस रुझान देखने को मिल सकता है. निफ्टी के साथ-साथ बैंक निफ्टी भी दबाव में है. श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक निफ्टी को 56,070 के स्तर पर मजबूत रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है.

मुकेश अंबानी बने ट्रंप के नए बिजनेस पार्टनर

मुंबई. भारत के सबसे अमीर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रियल एस्टेट कंपनी के ग्लोबल पार्टनर बन गए हैं. रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस 4आईआर रियल्टी डेवलपमेंट ने मुंबई में एक प्रीमियम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के लिए ट्रंप ब्रांड का लाइसेंस हासिल किया है. इसके बदले कंपनी ने ट्रंप ऑर्गनाइजेशन को 1 करोड़ डॉलर की डेवलपमेंट फीस दी है. यह भारत में ट्रंप परिवार की अब तक की सबसे बड़ी डील मानी जा रही है.वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट बताती है कि ट्रंप ऑर्गनाइजेशन विदेशी बाजारों में दोबारा बड़े स्तर पर एंट्री कर रही है. ट्रंप परिवार ने 2016 में राष्ट्रपति बनने के बाद विदेशी डील्स से दूरी बना ली थी ताकि हितों के टकराव से बचा जा सके. लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप के नेतृत्व में कंपनी फिर से अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में सक्रिय हो गई है. फिलहाल मुंबई में बनने वाले इस ट्रंप-ब्रांडेड प्रोजेक्ट की ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि यह 4,000 एकड़ में फैले एक विशाल रियल एस्टेट डेवलपमेंट का हिस्सा हो सकता है. यह पहली बार है जब रिलायंस और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन किसी प्रोजेक्ट में साथ काम कर रहे हैं. यह डील केवल भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक नया अध्याय नहीं खोलती, बल्कि यह भी दर्शाती है कि मुकेश अंबानी अब रिटेल, टेलीकॉम और एनर्जी के बाद रियल एस्टेट को भी विस्तार देने की योजना बना रहे हैं.मुकेश अंबानी को लंबे समय से इंटरनेशनल रिलेशन और नेटवर्किंग में माहिर माना जाता है. वे 2017 में वाशिंगटन में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति इनॉगरेशन में शामिल हुए थे. हाल ही में उन्होंने कतर में अमीर द्वारा आयोजित एक स्टेट डिनर में भी शिरकत की, जहां ट्रंप भी मौजूद थे. रिलायंस और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन की यह डील न केवल भारत-अमेरिका कारोबारी रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि यह संकेत भी है कि रियल एस्टेट में ब्रांड वैल्यू अब जितनी अहम भारत में होती जा रही है, उतनी ही वैश्विक निवेशकों की नजर भी इस पर है.

ट्रंप की वापसी से बढ़ेगी महंगाई की आंधी

> दवाइयों से मिनरल्स तक, सब पर पड़ेगा इफेक्ट



वाशिंगटन.

अप्रैल में ट्रंप ने फार्मा सेक्टर को छोड़कर दुनिया के 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान किया था. उस दौरान ट्रंप ने कहा था कि फार्मा सेक्टर पर उस स्तर पर टैरिफ लगाए जाएंगे, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा. जिसके बाद उन्होंने दुनिया के 90 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था. दरअसल, ट्रंप फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स पर इसलिए टैरिफ लगाना चाहते हैं, अब एक बार फिर उनके बयान ने दुनिया में खलबली मचा दी है. उन्होंने इशारा दिया है कि वो आने वाले दिनों में एक बार फिर टैरिफ बढ़ा सकते हैं. अगर उन्होंने टैरिफ में बढ़ोतरी की तो दवाइयां, चिप से लेकर मिनरल्स तक कई चीजें महंगी हो जाएंगी. आइए जानते हैं अगर फिर ट्रंप का कहर बरपा तो क्या क्या महंगा हो जाएगा? डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था को बचाने और चीन जैसे देशों पर दबाव बनाने के लिए आक्रामक टैरिफ नीति जरूरी है. वह 30% तक बेसलाइन टैरिफ की बात कर चुके हैं, जिसे जरूरी उत्पादों के लिए और बढ़ाया जा सकता है. उनके कैंपेन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, फार्मास्युटिकल्स, सेमीकंडक्टर चिप्स और क्रिटिकल मिनरल्स पर फोकस होगा क्योंकि ये सेक्टर अमेरिका की सुरक्षा और भविष्य से सीधे जुड़े हैं. ट्रंप के इस फैसले का भारत पर काफी बड़ा असर पड़ने वाला है क्योंकि भारत अमेरिका के लिए दवाइयों के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक है. अगर ट्रंप फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स पर टैरिफ लगा देते हैं, तो इससे भारत के फार्मा सेक्टर को काफी नुकसान पहुंचेगा. 2024 में भारत ने अमेरिका को 12.72 बिलियन अमरीकी डॉलर के फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट किए.

दुनिया पर असर

❑ इस फैसले का असर सिर्फ चीन पर नहीं, बल्कि भारत जैसे देशों पर भी पड़ेगा जो अमेरिकी बाजार में फार्मा, टेक्नोलॉजी और मिनरल सप्लाई के बड़े स्रोत हैं. फार्मा इंडस्ट्री भारत अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है. टैरिफ बढ़ने से भारत की फार्मा कंपनियों की लागत और प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ेगा. सेमीकंडक्टर चिप्स: दुनिया भर की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इस पर निर्भर है. भारत, चीन, दक्षिण कोरिया और ताइवान के चिप उद्योग पर इसका प्रभाव पड़ सकता है. क्रिटिकल मिनरल्स: लिथियम, कोबाल्ट, निकल जैसे खनिज जो बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहनों में जरूरी हैं उनकी कीमतें भी बढ़ सकती हैं.

आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत दर गुरुवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 25 — सोडत दिनांक 19/06/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख	AP-07 : 3929	श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई (प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत)
उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/-	पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 3929	अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई; लॉटरी भांडार - नागपूर

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/-	1156	1615	4730	4747	5117	6480
तिसरे बक्षिस रु. 1000/-	1345	1830	3179	3586	5182	6263
चौथे बक्षिस रु. 500/-	1121	1446	2259	2464	4631	5582
पाचवे बक्षिस रु. 200/-	1380	1489	2872	3281	5267	5647

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) — रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

		1771	2242	2617	3003	3363	3739	4120	4554	5156	5780	6254	6650
		1772	2245	2632	3018	3371	3749	4147	4604	5181	5790	6269	6655
1001	1253	1776	2255	2650	3036	3400	3773	4150	4613	5183	5805	6272	6665
1004	1272	1800	2256	2670	3037	3429	3780	4160	4627	5186	5811	6283	6669
1011	1294	1811	2285	2672	3038	3430	3783	4162	4639	5256	5821	6296	6670
1012	1299	1814	2291	2680	3047	3433	3791	4168	4704	5289	5823	6303	6672
1013	1301	1818	2294	2687	3067	3438	3807	4170	4709	5303	5845	6311	6673
1016	1302	1901	2312	2715	3083	3446	3833	4252	4742	5308	5870	6317	6681
1023	1313	1910	2318	2720	3137	3474	3834	4260	4747	5316	5885	6326	6697
1031	1314	1916	2365	2725	3138	3489	3839	4272	4750	5356	5898	6339	6706
1053	1323	1943	2368	2731	3156	3493	3843	4289	4763	5395	5906	6361	6711
1057	1326	1944	2371	2752	3158	3497	3850	4291	4784	5404	5929	6367	6716
1058	1336	1970	2379	2756	3161	3500	3858	4344	4785	5451	5942	6375	6747
1061	1339	2024	2389	2764	3178	3504	3870	4353	4800	5456	5947	6387	6760
1078	1343	2026	2398	2772	3229	3539	3877	4374	4812	5460	5955	6392	6761
1081	1353	2048	2399	2778	3230	3549	3881	4384	4844	5488	5956	6405	6768
1107	1358	2052	2407	2790	3235	3563	3885	4402	4861	5495	5975	6414	6771
1111	1391	2059	2419	2821	3243	3588	3893	4405	4890	5504	5995	6417	6784
1115	1442	2066	2452	2822	3244	3594	3898	4409	4904	5505	5999	6420	6800
1133	1477	2068	2458	2828	3269	3604	3903	4418	4909	5515	6006	6421	6808
1142	1507	2074	2465	2829	3285	3609	3904	4421	4911	5525	6040	6426	6809
1147	1513	2094	2469	2836	3291	3613	3907	4425	4939	5530	6050	6468	6818
1151	1530	2110	2474	2840	3300	3632	3939	4428	4942	5534	6054	6469	6838
1152	1559	2121	2478	2842	3306	3633	3943	4440	4952	5536	6064	6489	6840
1156	1583	2123	2483	2859	3309	3637	3951	4441	4957	5541	6069	6505	6841
1172	1597	2146	2512	2860	3313	3643	3963	4443	4958	5571	6073	6560	6862
1173	1637	2172	2527	2869	3314	3657	3983	4444	4974	5600	6077	6561	6863
1185	1638	2199	2545	2897	3317	3673	3992	4454	5001	5605	6096	6586	6865
1187	1672	2208	2547	2900	3320	3676	3999	4467	5035	5640	6120	6589	6888
1188	1685	2209	2548	2902	3325	3686	4000	4469	5040	5643	6129	6606	6892
1194	1687	2223	2554	2922	3339	3694	4004	4471	5041	5694	6134	6609	6893
1195	1688	2227	2576	2926	3346	3696	4032	4493	5060	5705	6145	6616	6895
1210	1704	2230	2587	2939	3349	3706	4062	4494	5066	5735	6186	6627	6896
1211	1713	2231	2600	2975	3351	3710	4069	4529	5097	5744	6194	6629	6952
1216	1730	2232	2602	2990	3355	3728	4074	4535	5105	5752	6202	6634	6960
1238	1748	2241	2613	2992	3360	3732	4084	4540	5146	5757	6226	6641	6965

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 20/06/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) — 200/-
आकर्षक पुष्कराज सोडत दिनांक 19/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 25 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 19/06/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/-	MG-04 : 7850

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/-	7383				
तिसरे बक्षिस रु. 1000/-	3036 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई)	4075 (लॉटरी भांडार - नागपूर)	4668 (चिराग एन्टरप्रायझेस, नाशिक)	7773	7820

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

400/-	2171	2929	3605	4459	5390	6706	7485	7989
1101	2202	3254	3631	4492	5434	6738	7534	8002
1188	2236	3301	3800	4747	5587	6765	7670	8211
1430	2276	3323	3876	4972	5804	7094	7727	8271
1488	2312	3349	4114	4975	6261	7118	7756	8280
1613	2483	3355	4184	5051	6565	7144	7775	8286
1764	2789	3362	4261	5086	6590	7201	7823	8624
1970	2821	3473	4352	5156	6611	7322	7837	8781
2041	2923	3550	4404	5381	6698	7457	7964	8807

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 24/06/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी सोडत दिनांक 19/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र सह्याद्री — दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 25 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 19/06/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/-	SD-06 : 4575		
दुसरे बक्षिस रु. 5000/-	1652 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर)		
तिसरे बक्षिस रु. 2000/-	2019 (महाराजा असोसिएट्स, इचलकरंजी)	2259 (पवार लॉटरी - ठाणे)	4027

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

1131	2220	3032	3969	4990
1152	2278	3058	4132	5147
1268	2411	3250	4138	5148
1334	2601	3305	4387	5528
1714	2623	3380	4496	5629
1737	2692	3412	4620	5650
2081	2782	3657	4667	5709
2172	2930	3866	4904	5894

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 20/06/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) — 200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 19/06/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 25 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 19/06/2025

मालिका	GL-00	GL-01	GL-02	GL-03	GL-04
पहिले बक्षिस रु. 10,000/-	4204	9109 (प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण)	7897	3467	4298

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/-	6400					7739				
तिसरे बक्षिस रु. 2000/-	2098	3378	4638	5422	8704 (जलाराम लॉटरी - अकोला)					
चौथे बक्षिस रु. 1000/-	0597	1049	2361	2629	3542	3794	4784	7244	7396	9325
पाचवे बक्षिस रु. 500/-	1116	3069	4514	6839	7276	7284	7506	8311	8472	9321

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी) — सहावे बक्षिस रु. 300/-

	1143	2093	3070	4044	4713	5508	6651	7441	8398	9044
	1160	2111	3103	4047	4746	5529	6652	7447	8435	9099
0083	1163	2129	3119	4148	4790	5533	6688	7482	8448	9189
0084	1172	2134	3231	4214	4845	5544	6695	7768	8454	9289
0220	1194	2202	3251	4240	4860	5570	6715	7787	8481	9380
0271	1199	2229	3305	4286	4864	5595	6728	7790	8484	9394
0313	1258	2235	3359	4309	4876	5605	6739	7793	8486	9415
0381	1392	2283	3371	4343	4887	5719	6841	7799	8518	9433
0390	1440	2327	3432	4345	4927	5755	6856	7867	8738	9471
0399	1446	2345	3475	4400	4950	5856	6861	7928	8754	9584
0480	1661	2477	3519	4422	5003	5985	6902	8022	8803	9692
0540	1664	2507	3665	4429	5043	6069	7008	8168	8808	9706
0628	1691	2540	3733	4449	5083	6126	7063	8169	8828	9881
0666	1817	2543	3737	4524	5176	6217	7078	8171	8839	9889
0868	1823	2685	3741	4595	5250	6265	7129	8268	8841	9891
0960	1867	2724	3742	4604	5405	6267	7145	8328	8849	9913
0995	1888	2889	3900	4605	5409	6356	7284	8351	8871	9937
1038	1990	2964	3919	4624	5424	6368	7354	8383	8995	9950
1117	2070	3038	3953	4638	5441	6636	7436	8389	9008	9959

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 24/06/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी सोडत दिनांक 19/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

जयश्री पाटिल ने थामा बीजेपी का हाथ

> सांगली में कांग्रेस को झटका

सांगली.

राज्य के सांगली में वसंतदादा पाटिल परिवार का एक बड़ा समूह आखिरकार भाजपा में शामिल हो गया है. विधानसभा चुनाव में बागी होकर सांगली जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष जयश्री पाटिल भाजपा में शामिल हो गईं.

इससे सांगली की राजनीति में भाजपा को मजबूती मिली है और कांग्रेस के गढ़ रहे दादा परिवार से एक बड़ा समूह पार्टी में शामिल हो गया है. जयश्री पाटिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय मदन पाटिल की पत्नी हैं. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने इससे पहले जयश्री पाटिल से उनके निवास पर मुलाकात की थी. उसके बाद जयश्री पाटिल बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले और अन्य नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुईं. इससे पहले पालकमंत्री चंद्रकांत पाटिल के साथ भाजपा विधायक सुधीर गाडगिल, जिला अध्यक्ष सम्राट महाडिक, जनसुराज्य के सुमित कदम, भाजपा के शेखर इनामदार, सीबी पाटिल व अन्य नेता जयश्री पाटिल के निवास पर पहुंचे.

स्थानीय निकाय चुनाव से पहले मदन पाटिल गुट को भाजपा के साथ लाने के लिए भाजपा के राज्यस्तरीय नेताओं ने जयश्री पाटिल से संपर्क किया था. विधानसभा चुनाव में बगावत.सांगली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने अब तक 16 चुनाव जीते हैं. इनमें से पांच चुनाव वसंतदादा पाटिल की मदद से जीते. 1980 में इंदिरा गांधी के आग्रह पर वसंतदादा पाटिल ने खुद चुनाव लड़ा था. उसके बाद वसंतदादा पाटिल के परिवार के सदस्यों ने लगातार दस चुनाव लड़े और जीते. वसंतदादा पाटिल के साथ-साथ शालिनीताई पाटिल, प्रकाश बापू पाटील, मदन पाटिल, प्रतीक पाटिल और विशाल पाटिल अब तक लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं.

विधानसभा में टिकट नहीं मिलने से थीं नाराज

■ जयश्री पाटिल को विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया था. उन्होंने बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था. इसके बाद कांग्रेस ने उन्हें निलंबित कर दिया था. इसके बाद उन्होंने अलग राजनीतिक राह अपनाने का फैसला किया. कुछ दिन पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं की राय मांगी थी. आखिरकार उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया.

पुणे में भीषण सड़क हादसा, 8 की मौत

पुणे.

राज्य के पुणे में एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है. पुणे के जेजुरी-मोरगांव रोड पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ. हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि एक स्विफ्ट डिजायर कार और पिकअप के बीच में जोरदार टक्कर हुई, जिससे कार सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.पुणे ग्रामीण एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि ये हादसा जेजुरी-मोरगांव रोड पर किर्लोस्कर कंपनी के पास श्री राम ढाबा के सामने हुआ. एक स्विफ्ट डिजायर कार जब जेजुरी से मोरगांव जा रही थी तो उसने श्री राम ढाबा के सामने एक पिकअप को टक्कर मार दी, जो सामान उतार रहा था.

हादसे में कार में सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. ये भी बता दें कि अभी हाल ही में पुणे के ही मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूट गया था. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी. वहीं 18 लोग घायल हो गए थे. इस घटना के बाद पुणे के कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने कहा था, "घटना को ध्यान में रखते हुए हमने अब जिले में ऐसे पुलों को हटाने या तोड़ने का फैसला किया है, क्योंकि बैरिकेड आदि लगाने से उद्देश्य पूरा नहीं होता.

ग्रामीण एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पास की थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने कार में फंसे घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया. एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया. फिलहाल सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है.

आज का राशिफल

मेष - आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग धन से जुड़ी कीमती सलाह दे सकते हैं। '

वृषभ - सेहत पर आज नजर रखने की जरूरत है। आर्थिक स्थिति में सुधार निश्चित है। आज का दिन आपके परिवार में खुशियों की सौगात ला सकता है।

मिथुन - आज फिट रहने के लिए दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करें। आपको आर्थिक लाभ होगा। प्रेमी-प्रेमिका के बीच अनबन हो सकती है।

कर्क - आज आपको घरेलू परेशानियां घेर सकती हैं लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है आप इनका हल निकाल लेंगे। व्यापारिक उन्नति के संकेत हैं।

सिंह - आज आपको मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अपने भविष्य को समृद्ध बनाने के लिए अपने अतीत में जो भी पैसा निवेश किया था, उसका आज फल मिलेगा।

कन्या - आज आपका आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अगर आप ग्रुप एक्टिविटी में शामिल होंगे तो आप नए दोस्त बनाएंगे। कार्यों को सफलतापूर्वक करने में सफल रहेंगे।

तुला राशि- आज आपका आत्मविश्वास व एनर्जी बढ़ी हुई रहेगी। एनर्जी बढ़ने से कार्यों में गति आएगी। जीवनसाथी कठिन परिस्थितियों में आपका साथ देगा।

वृश्चिक - आज आपको निवेश से बचना चाहिए, वरना नुकसान हो सकता है। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनों का साथ मिलेगा।

धनु - आज मानसिक परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग व ध्यान का सहारा लें। लंबी दूरी की यात्रा संभव है। आर्थिक रूप से दिन ठीक ठाक रहने वाला है।

मकर - आज का दिन आपके लिए खुशी व आनंद से भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है।

कुंभ - आज आपको किसी पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है।

मीन - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। भवन या जमीन जायदाद के सुख में वृद्धि होगी।

बीजेपी सांसद नारायण राणे के बेटों में हुआ कलह

रत्नागिरी.

रत्नागिरी- सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद नारायण राणे के दो बेटों का शीतयुद्ध सामने आ रहा है. उनके एक बेटे नितेश राणे बीजेपी सरकार में मंत्री हैं और दूसरे निलेश राणे शिंदे गुट से विधायक हैं. कुछ दिनों पहले मंत्री नितेश राणे ने धाराशिव में आयोजित एक पार्टी सम्मेलन में कहा था कि 'कोई कितना भी ताकत दिखाएं, कोई कैसे भी नाचे, फिर भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रहेंगे और राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही होंगे. ध्यान रखिए, मुख्यमंत्री पद पर बैठा नेता बीजेपी का ही है.' इस बयान के बाद शिवसेना के कुडाळ क्षेत्र के विधायक और नितेश राणे के भाई निलेश राणे ने सोशल मीडिया पर एक सलाह भरी पोस्ट की थी, जिसका नितेश राणे ने जवाब भी दिया था. इस पूरे घटनाक्रम से दोनों भाइयों के बीच मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए. अब एक बार फिर राणे बंधुओं के बीच शीत युद्ध छिड़ता दिखाई दे रहा है.नितेश राणे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में एक कार्यकर्ता के व्हाट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट साझा किया है. इसके जरिए उन्होंने यह संदेश दिया कि महायुति में शामिल किसी भी कार्यकर्ता को धमकाना अनुचित है. उन्होंने लिखा, आदरणीय निलेश जी, आपने कुछ दिन पहले महायुति के बारे में बात की थी.

अब आप ही हमारे मित्र दल के एक पदाधिकारी को धमका रहे हैं, यह सही नहीं है. आखिरकार हम सभी महायुति का हिस्सा हैं. मुझे उम्मीद है कि आप इस बात पर ध्यान देंगे.जब नितेश राणे ने कहा था कि 'सबका बाप बीजेपी का मुख्यमंत्री ही रहेगा', तब निलेश राणे ने सोशल मीडिया पर सलाह दी थी कि नितेश को संभलकर बोलना चाहिए. उन्होंने लिखा था, मैं आपसे मिलकर बात करूंगा, लेकिन सार्वजनिक मंच पर बोलते समय सभी बातों का ध्यान रखना जरूरी है. भाषण देना आसान है, पर हमें ये समझना होगा कि हमारे बोलने से किसका फायदा हो रहा है. हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम महायुति में हैं.

सुसाइड नोट से खुला राज

6 साल के बच्चे के साथ इमारत से कूदी महिला

पुणे. राज्य के पुणे शहर में 31 साल की एक महिला ने छह साल के अपने बेटे के साथ एक बहुमंजिला इमारत की छत से कथित तौर पर कूदकर सुसाइड कर लिया. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि महिला ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने अपनी एक रिश्तेदार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है. पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम आंबेगाव बुद्रुक इलाके में हुई और महिला की पहचान 31 साल की मयूरी शशिकांत देशमुख के रूप में की गई है.

आंबेगांव पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यह घटना शाम करीब साढ़े छह बजे 'कल्पक हाउसिंग सोसाइटी' में हुई. हम मौके पर पहुंचे और हमने पाया कि एक महिला अपने बच्चे के साथ सोसाइटी की छत से कूद गई जिससे उनकी मौत हो गई.'अधिकारी ने कहा, 'उसके घर पर हमें एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें महिला ने आरोप लगाया है कि वह अपनी रिश्तेदार के परेशान किए जाने के कारण यह कदम उठा रही है. हम मामले की जांच कर रहे हैं.' एक ऐसा ही सुसाइड का केस कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के पुणे से आया था, जहां पर एक 25 साल की आईटी पेशेवर ने पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया था. अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंबीरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में सुसाइड कर लिया था और बुधवार रात को आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई. अधिकारी ने बताया कि उस दिन सुबह करीब साढ़े चार बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसायटी पहुंची. इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी.

बीएमसी चुनाव ठाकरे बंधुओं की केमिस्ट्री पर सबकी नजर

मुंबई. राज्य की सियासत में ठाकरे बंधुओं के रिश्तों में जमी बर्फ अब पिघलती नजर आ रही है. विधानसभा चुनाव के बाद से ही शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बीच सुलह-समझौता की पटकथा लिखी जा रही है, जिस पर अब फाइनल मुहर लगने के आसार दिखने लगे हैं. उद्धव ठाकरे राज ठाकरे से हाथ मिलाने के लिए शिवसैनिकों का सियासी मिजाज समझने में जुट गए हैं. ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि जिस तरह उद्धव ने पूर्व पार्षदों से बात की है, उससे ये जाहिर होता है कि बीएमसी चुनाव में ठाकरे बंधुओं की सियासी के मिस्ट्री एक साथ नजर आ सकती है? उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे रिश्ते में चचेरे भाई हैं. शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के बेटे उद्धव हैं तो भतीजे राज ठाकरे हैं. इसके बाद से उद्धव और राज ठाकरे अलग-अलग अपनी सियासत करते रहे.

मुंबई कॉलेज में इंजीनियरिंग छात्रा की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

मुंबई. मुंबई के मशहूर साठे कॉलेज में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया. यहां विले पार्ले में कॉलेज की तीसरी मंजिल से गिरकर थर्ड ईयर की छात्रा की मौत हो गई. छात्रा के परिजनों को शक है कि किसी ने उनकी बेटी को धक्का दिया होगा. मृतक लड़की का नाम संध्या पाठक बताया जा रहा है, जिसकी उम्र 21 साल थी. संध्या इंजीनियरिंग की थर्ड ईयर की छात्रा थी. हादसे के बाद संध्या को बाबा साहेब गावड़े चैरिटेबल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

उपविभागीय अधिकारी नागपूर (ग्रा), यांचे कार्यालय

(तहसिल कार्यालय, नागपूर ग्रामीण इमारत, आमदार निवास जवळ, सिव्हिल लाईन, नागपूर)

Email ID - sdonagpur@yahoo.in Phone no. 0712-2520645

क.अ.का.भू.स./ उविअ/नाग (ग्रा)/कावि- 219/2025. दिनांक :- 12/06/2025

जाहीर सुचना

महाराष्ट्र शासन नगर विकास विभाग, शासन निर्णय क्र. एनएमआर-3318/प्र.क्र.145/नवि-7, मंत्रालय, मुंबई-32 दिनांक 12 में, 2023 अन्वये नागपूर प्रकल्पाच्या अंमलबजावणीस सुधारित मान्यता देण्याबाबत (1) खापरी ते एमआयडीसी बुट्टीबोरी (मार्गिका 1-अ दक्षिण मार्गिकेचे विस्तार) (2) लोकमान्य नगर ते हिंगणा (मार्गिका 3-अ पश्चिम मार्गिकेचे विस्तार) या उन्नत मेट्रो मार्ग प्रकल्पास मान्यता देण्यात आली आहे.

Letter No. K-14011/06/2019-MRTS-II Government of India Ministry of Housing & Urban Affairs, Nirman Bhawan, New Delhi Dated 29th December, 2022 अन्वये केंद्र शासनाने मान्यता दिलेली आहे.

तसेच, नागपूर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. ही कंपनी दिनांक 18 फेब्रुवारी 2015 रोजी Government of India, MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS, Office of the Registrar of Companies, Mumbai, Maharashtra, India येथे नोंदणी करण्यांत आली असून सदर कंपनीचा Certificate of Incorporation (CIN) No. U60100MH2015SGC262054 हा आहे.

सध्यास्थितीत सदर कंपनीचे नाव महाराष्ट्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमीटेड (महा-मेट्रो) दिनांक 23 जानेवारी 2017 पासून करण्यांत आले असून CIN No. वर नमूद केल्या प्रमाणेच आहे.

नागपूर मेट्रो रेल्वे प्रकल्पाचे मार्गिका 1-अ दक्षिण मार्गिकेचे विस्तार बुट्टीबोरी पोलीस स्टेशन मेट्रो स्टेशन, या स्थळी मोजा रेंगापार, तह. नागपूर (ग्रा), जिल्हा नागपूर, येथील सर्व्हे क्रं. 133/1, 133/2/अ मधील प्लॉट क्र. 1 व 2 पैकी श्री. श्रीकांत भगवानदीन जयस्वाल यांची एकूण आराजी 328.880 चौमी पैकी 195.850 चौमी जमीन व सर्व्हे क्र. 133/24 मधील प्लॉट क्रं. 24 श्री देवानंद जागेश्वर वाडीभस्मे यांची एकूण आराजी 139.00 चौमी जमीन बाधीत होत आहे.

सर्व्हे क्र. 133/1, 133/2/अ मधील प्लॉट क्र. 1 व 2 पैकी श्री. श्रीकांत भगवानदीन जयस्वाल व सर्व्हे क्र. 133/24 मधील प्लॉट क्र. 24 श्री देवानंद जागेश्वर वाडीभस्मे यांची जागा महाराष्ट्र शासन महसूल व वन विभाग शासन निर्णय क्र. संकीर्ण-03/2015/प्र.क्र. 34/अ-2, मंत्रालय, मुंबई दिनांक 12/05/2015 व 30/09/2015 प्रमाणे ठरविल्यानुसार श्री. श्रीकांत भगवानदीन जयस्वाल यांनी जमीन थेट खरेदी करून देण्यास संमतीपत्र दिनांक 19/09/2024 रोजी व श्री देवानंद जागेश्वर वाडीभस्मे यांनी जमीन थेट खरेदी करून देण्यास संमतीपत्र दिनांक 23/10/2024 रोजी करून दिले आहे.

ही जाहीर नोटीस प्रसिध्द झाल्याच्या दिनांकापासून 15 दिवसांचे आत जमीनीच्या मालकी हक्काबाबत व न्यायालयीन दाव्याबाबत जमीन मालकांकडून किंवा हित संबंधित व्यक्तीकडून प्राप्त झालेल्या हरकतीची किंवा सुचनांची चौकशी करण्यांत येईल आणि संबधित हरकतींच्या आणि सुचनांच्या समर्थनार्थ तोंडी वा कागदोपत्री पुरावा सादर करण्यासाठी जातीने किंवा कोणत्याही कायदेशिर व्यक्तीमार्फत उपस्थित राहण्यांची मुभा असेल. मुदतीत कोणतेही हरकत न आल्यांस सदरील जमीन मालकाची मिळकत निर्वेद व निंजोखीम असल्यांचे समजून सरळ खरेदीचा व्यवहार करण्यांत येईल. दिलेल्या मुदतीनंतर कोणाचीही हरकत आल्यांस ती या कार्यालयांस कायदेशीररित्या बंधनकारक राहणार नाही. याची तमाम सर्व लोकांनी नोंद घ्यावी.

शासन निर्णय दिनांक 12/05/2015 व दिनांक 30/09/2015 आणि महसूल व वन विभाग, शासन परिपत्रक क्र. एलक्यूएन-01/2017/प्र.क्र.12/अ-2 दिनांक 25/01/2017 अन्वये सिंचन व इतर प्रकल्पांसाठी खाजगी क्षेत्रातील जमीन वाटाघाटीद्वारे थेट खरेदी पध्दतीने ताब्यात घेण्यासाठी अनुसरावयाच्या कार्यपध्दतीनुसार उपविभागीय अधिकारी नागपूर (ग्रा), यांचे कार्यालयातर्फे कार्यवाही करण्यात येत आहे.

खाजगी वाटाघाटीद्वारे थेट खरेदी पध्दतीने घेण्यात येणाऱ्या जमीनीचे प्रकरण क्रं. /अ-65/2024-25 विवरण खालील प्रमाणे आहे.

मौजा	प ह न	सर्व्हे क्रं.	भूखंड क्रं.	तहसिल	नगर भूमापन क्र.	एकुण क्षेत्र चौमी	थेट खरेदी पध्दतीनुसार घ्यावयाचे क्षेत्र चौमी.	जमान धारकाच नाव
रेंगापार	76	133/1, 133/2/अ	1 व 2 पैकी	नागपूर (ग्रा)	....	328.880	195.850	श्री. श्रीकांत भगवानदीन जयस्वाल
रेंगापार	76	133/24	24	नागपूर (ग्रा)		139.00	139.00	श्री देवानंद जागेश्वर वाडीभस्मे

वरीष्ठ उप महाव्यवस्थापक,
(स्थापत्य / जमीन)
महा मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि., नागपूर.

उपविभागीय अधिकारी तथा
भुसंपादन अधिकारी
नागपूर (ग्रामिण)

क्र. जिमाका - बाग/जाहिरात / 75/2025

मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर
अलग-अलग प्रकार के फेशियल
ब्लीच • वैक्सिंग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • थ्रेडिंग • मेहंदी ऑर्डर मैनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्क्रीन ट्रिटमेंट हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पीपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्क्रीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं।
अल्का चि. लाडे
9373108897 / 9373531205
प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY
Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for
• Vocal Classical Singing
• Light Music (with Karaoke)
• Zumba
• Yoga
• Crochet
• Macrame
• Drawing
• Paper Crafts
<: Contact :>
Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 19 मे शिमला मनाली
• 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम
• 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन
• 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्रा
• 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान
संपर्क
आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV
Proprietior
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है!
• STUDENTS • TEACHERS • HOUSEWIVES • JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, इंम्माइलपुरा, कामठी डॉ. (ग्रा.) अभिषेक रिमगावकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, प्लॉट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व इडेलिटी बँड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

पाठकगणों को विनम्र सूचना : दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

सुविचार

संघर्षों का सम्मान करना सीखें क्योंकि इसी में आपकी सफलता का रहस्य छिपा रहता है.

संपादकीय

सार्थक बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जी 7 सम्मेलन के लिए रवाना हुए थे, तो दो मुद्दों पर खासकर सभी की नजर थी. कनाडा के साथ रिश्ते किस तरह आगे बढ़ते हैं और आतंकवाद पर भारत अपना पक्ष किस तरह रखता है। एक ही मंच का इस्तेमाल कर देश ने दोनों को साध लिया। यह आयोजन भारत और कनाडा के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का जरिया तो बना ही, नई दिल्ली ने दुनिया को आतंकवाद के प्रति भी चेता दिया कि इस मामले में दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। भारत और कनाडा ने एक-दूसरे के यहां हाई कमिश्नर जल्द से जल्द बहाल करने का ऐलान किया है।

यह उस गलती को सुधारने की दिशा में पहला कदम है, जो कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो ने की थी। राजनयिक संबंध बहाल होने से दूसरे द्विपक्षीय मामलों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें पिछले साल टकराव के बाद से ठहराव आ गया था। इसमें प्रमुख है व्यापार और निवेश समझौता। एक विस्तृत इकोनॉमिक एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों ने 2010 में बातचीत शुरू की थी। करीब एक दशक तक सब ठीक चला, लेकिन पहले कोरोना की रुकावट आई और फिर कूटनीतिक रिश्ते खराब हो गए। भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा।

भारत और कनाडा के सामने शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रा, कृषि - तमाम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार मौके हैं। पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात से जो रास्ता खुला है, उसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़ी भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर केस से जुड़े सवाल पर कार्नी का संतुलित जवाब बताता है कि उन्हें भी इसका ख्याल है। और उनका सवाल बिल्कुल ठीक है कि आतंकवाद के प्रायोजक देश और पीड़ितों को एक तराजू में क्यों तौला जा रहा है। जब तक दुनिया के ताकतवर देश आतंकवाद को लेकर अपना नजरिया साफ नहीं करते और अपनी सहूलियत के अनुसार आतंक की परिभाषा तय करने की आदत नहीं छोड़ते, यह समस्या हल नहीं होने वाली।

लघुकथा

अमिताभ कुमार

मुक्ति

सुबह से ही मोहल्ले में कानाफूसी तेज थी। कल रात से ही रज्जो का कहीं अता-पता नहीं था। उसके घरवाले काफी परेशान थे। कोई पुलिस में रिपोर्ट करने की सलाह दे रहा था तो कोई कुछ और कानाफूसी यों के बीच दबे स्वर में कोई यह भी बोल रहा था. 'पच्चीस की हो गयी थी छोरी अभी तक शादी भी नहीं हुई थी। भाग गयी होगी किसी के साथ' इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। थोड़ी देर ढाढ़स बंधाने के बाद धीरे-धीरे पड़ोसियों की भीड़ भी समाप्त हो गयी। पाँच भाई-बहनों में वह सबसे बड़ी थी। पुत्र की चाहत में उसकी माँ ने चार पुत्रियों को जना था। पिता मेहनत-मजूरी करके जो थोड़ा-बहुत कमाता उससे सबका पेट पल रहा था। विवाह के लिये लड़के वाले दहेज की माँग करते- जिसे उसके माँ-बाप पूरा नहीं कर पा रहे थे और छोरी अब तक बिनब्याही थी। साँझ होने को आयी। गाँव के ही किसी छोरे ने आकर बताया कि चौर में रज्जो की लाश पड़ी है। शायद उसने आत्महत्या कर ली है। घर में कोहराम मच गया। पूछने पर घरवालों ने बताया - कल शाम लड़केवाले उसे देखने आये थे। दहेज की माँग न मानने के कारण एक बार फिर से रिश्ता टूट गया। समझते देर न लगी कि माँ-बाप को परेशानियों से मुक्ति दिलाने हेतु छोरी ने आत्महत्या कर ली.

आस्था

हिंदू धर्म के अनुसार किसे दी जा सकती है गीता

हम लोग बर्थडे, शादी या किसी पार्टी में हमेशा ही एक दूसरे को उपहार यानी गिफ्ट देते हैं. कई बार हम लोगों को या लोग हमें उपहार में भगवान की प्रतिमाएं या पवित्र हिंदू धार्मिक ग्रंथ भगवद् गीता दे देते हैं. कुछ लोग उपहार में भगवद् गीता देना सही मानते हैं, जबकि कुछ लोग ऐसा करना गलत मानते हैं. ऐसे में आइए जानते हैं कि हमारे हिंदू धर्म शास्त्रों में इस बारे में क्या कहा गया है? हिंदू धर्म ग्रंथों में किसी को दान करना बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है. हम किसी को कोई कोई उपहार देते हैं, तो हिंदू धर्म ग्रंथों में इसे भी दान के बराबर माना गया है. हालांकि किसी को गिफ्ट में भगवद् गीता समेत अन्य धार्मिक ग्रंथ देना व्यक्ति के कर्मों पर निर्भर करता है. हिंदू धर्म के अनुसार, अगर व्यक्ति सत्कर्म करता है, तो वो अन्य लोगों को भगवान की मूर्ति, तस्वीर, भगवद् गीता या अन्य धार्मिक ग्रंथ दे सकता है. हिंदू धर्म ग्रंथों में ये भी बताया गया है. कि भगवद् गीता रामचरितमानस, रामायण, ग्रंथ, पुराण, वेद मूर्ति या तस्वीर किन लोगों को दान या उपहार में नहीं देनी चाहिए. स्कंद पुराण में बताया गया है कि पवित्र ग्रंथ मूर्ति, तस्वीर किसी ऐसे व्यक्ति को दान या उपहार में नहीं देना चाहिए जो इसकी देखभाल कर पाने की क्षमता नहीं रखता हो. इतना ही नहीं भगवद् गीता समेत अन्य पवित्र ग्रंथ या मूर्तियां किसी ऐसे व्यक्ति को भी उपहार या दान में नहीं देनी चाहिए, जो इसका सही उपयोग करने में सक्षम न हो. ऐसे लोगों को भी पवित्र ग्रंथ या मूर्तियां उपहार या दान में नहीं देनी चाहिए, जो मांस, मदिरा का सेवन करते हैं, क्योंकि इससे भगवान का अनादर होता है. भगवान उस व्यक्ति के घर में रहना बिल्कुल भी पसंद नहीं करते जो राक्षसी प्रवृत्ति का होते हैं.

नसीम ग़ाज़ी फ़लाही

शुक्रवार स्पेशल

इस्लाम में पाकी और सफ़ाई की अहमियत

इस्लाम धर्म की यह एक खासियत है कि पवित्रता और स्वच्छता के नाते उसने वुज़ू, ग़ुस्ल को विशेष स्थान दिया है

मुसलमान को पाक-साफ़ रहने के लिए वुज़ू का तरीक़ा बताया है, उसी तरह उसने ग़ुस्ल का तरीक़ा भी बताया है। वुज़ू करते वक़्त इस बात का ख़याल रखना ज़रूरी है कि जिन अंगों को धोना हे उन्हें अच्छी तरह और पूरी तरह धोया जाए, चाहे ऐसा करने में कुछ तकलीफ़ ही क्यों न उठानी पड़े। अकसर ऐसा होता है कि आदमी सर्दी के मौसम में वुज़ू में कोताही बरतने लगता है। इसी लिए पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''क्या मैं तुम्हें ऐसी चीज़ न बताऊँ जिसकी वजह से ख़ुदा तुम्हारी ग़लतियों को माफ़ कर देगा और तुम्हारे दर्जों को बुलन्द कर देगा।'' सहाबा (रज़ि) ने कहा कि ''ऐ ख़ुदा के पैग़म्बर! ज़रूर बताइए।'' आप सअव ने फ़रमाया कि ''तकलीफ़ और नागवारी के बावजूद मुकम्मल वुज़ू करना।'' (हदीसः मुस्लिम-251) वुज़ू करते वक़्त दाढ़ी के अन्दर उंगलियाँ डालकर अच्छी तरह साफ़ करना चाहिए। हज़रत उसमान (रज़ि) कहते हैं कि ''ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम वुज़ू करते वक़्त दाढ़ी में ख़िलाल किया करते थे। (यानी दाढ़ी में उंगलियाँ डालकर अच्छी तरह सफ़ाई करते थे)।'' (हदीसः तिरमिज़ी-31) इसी प्रकार हाथों और पैरो की उंगलियों के बीच में भी अच्छी तरह सफ़ाई करनी चाहिए, ताकि उनमें मैल-कुचैल बाक़ी न रहे। हज़रत इब्ने-अब्बास (रज़ि) रिवायत करते हैं कि ख़ुदा के पैग़म्बर सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''जब तुम वुज़ू करो तो हाथों और पैरों की उंगलियों में ख़िलाल किया करो।'' (हदीसः तिरमिज़ी-39) यह है वुज़ू, इसके करने से हुक्मी गन्दगी का असर जाता रहता है। इसके बाद ही मुसलमान नमाज़ पढ़ सकता है। इसके साथ ही ग़ुस्ल (स्नान) का तरीक़ा भी बताया गया है हमें उसका जानना बहुत जरूरी है, क्योंकि इस्लाम ने

जिस तरह मुसलमान को पाक-साफ़ रहने के लिए वुज़ू का तरीक़ा बताया है, उसी तरह उसने ग़ुस्ल का तरीक़ा भी बताया है। ग़ुस्ल ज़रूरी होने पर आदमी जब तक इस्लाम के बताए हुए तरीक़े पर ग़ुस्ल नहीं कर लेता उस वक़्त तक वह अपवित्र (नापाक) ही रहेगा। इस हालत में न तो वह क़ुरआन पढ़ सकता हे और न नमाज़, और न ही वह ऐसी हालत में मस्जिद में जा सकेगा।

ग़ुस्ल करने का तरीक़ा भी पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की सीरत से हमें मिलता है जो आप सअव की बीवी हज़रत मैमूना (रज़ि) ने बयान किया है कि ''हज़रत इब्ने अब्बास (रज़ि) से रिवायत है कि हज़रत मैमूना (रज़ि) ने कहा कि मैंने पैग़म्बर सअव के नहाने के लिए पानी रखा और एक कपड़े से परदा कर दिया। पैग़म्बर सअव ने अपने दोनों हाथों पर पानी डाला और उन्हें धोया। फिर दायें से बायें हाथ पर पानी डालकर गुप्त अंग (शर्मगाह) साफ़ किया। फिर हाथ को ज़मीन पर रगड़ा और उसे धोया। फिर कुल्ली की और नाक में पानी डालकर साफ़ किया, फिर चेहरा धोया और बाहें धोईं, फिर सिर पर और पूरे जिस्म पर पानी डालकर नहाए। जब नहा चुके तो एक ओर को हट गए और अपने दोनों पैरों को धोया। ..... और चले आए।'' (हदीसः बुख़ारी-276) इस हदीस से मालूम होता है कि ग़ुस्ल (स्नान) में तीन बातें ज़रूरी हैं। अगर उनमें से कोई एक भी छूट गई तो ग़ुस्ल (स्नान) नहीं होगा और दोबारा ग़ुस्ल करना होगा। 1-कुल्ली करना, 2-नाक में पानी डालना, 3- पूरे जिस्म पर पानी डालकर नहाना कि जिस्म का कोई अंग तनिक भी सूखा न रह जाए। ग़ुस्ल करते समय सिर के बालों और जिस्म को ख़ूब अच्छी तरह साफ़ करना चाहिए। हज़रत अबू-हुरैरा (रज़ि) से रिवायत है कि ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''हर बाल के नीचे नापाकी (गन्दगी) होती है; इसलिए बालों को और जिस्म को ख़ूब अच्छी तरह साफ़ किया करो।'' (हदीसः तिरमिज़ी-106) कुछ अन्य अवसरों पर ग़ुस्ल के आदेशों के अंतर्गत ऊपर बताई गई हालतों मे तो ग़ुस्ल करना फ़र्ज़ (ज़रूरी) हो जाता है, इसलिए कि इन हालातों का सम्बन्ध किसी न किसी प्रकार की गन्दगी से होता है। इनमें से किसी भी हालत से गुज़रने के बाद आदमी गन्दगी में लिप्त हो जाता है, जिसके कारण आदमी न नमाज़ पढ़ सकता है और न क़ुरआन और न ही वह मस्जिद में जा सकता है, जब तक कि वह नहा-धोकर पाक-साफ़ न हो जाए। लेकिन इस्लाम ने इन हालातों

के अलावा भी ग़ुस्ल करने की ताकीद की है, चाहे आदमी नापाक न हो तब भी। ग़ुस्ल करने के कुछ अवसर भी होते हैं वह इस तरह से कि जुमा के दिन का ग़ुस्ल। हज़रत इब्ने-उमर (रज़ि) से रिवायत है कि ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''जब तुम में से कोई जुमा की नमाज़ के लिए जाए तो उसे चाहिए कि ग़ुस्ल करके जाए।'' (हदीसः बुख़ारी-877) इसी तरह आप सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने यह भी फ़रमाया कि ''जुमा के दिन हर बालिग़ (व्यस्क) पर ग़ुस्ल करना ज़रूरी (वाजिब) है, और उसे मिसवाक (दातून) करनी चाहिए, और ख़ुशबू मिले तो वह भी लगानी चाहिए।''

(हदीसः बुख़ारी-880) हज़रत अबू-हुरैरा (रज़ि) से रिवायत है कि ख़ुदा के पैग़म्बर सअव ने फ़रमाया कि ''प्रत्येक मुसलमान के लिए ज़रूरी है कि वह सप्ताह में कम-से-कम एक बार ग़ुस्ल ज़रूर कर ले, और ग़ुस्ल यह है कि वह अपना सिर और जिस्म साफ़ करे।'' (हदीसः मुस्लिम-849) ईद के दिन का ग़ुस्ल जिसे ईद के दिन ईद की नमाज़ से पहले करना चाहिए। हज़रत नाफे (रह) से रिवायत है कि अब्दुल्लाह-बिन-उमर (रज़ि) ईदुल-फ़ित्र के दिन ईदगाह जाने से पहले ग़ुस्ल किया करते थे। (हदीसः मुवत्ता इमाम मालिक-785) एहराम बांधने से पहले ग़ुस्ल हज या उमरे के लिए एहराम बांधने से पहले ग़ुस्ल कर लेना चाहिए। हज़रत जैद-बिन-साबित (रज़ि) अपने बाप से रिवायत करते हैं कि उन्होंने पैग़म्बर (सअव) को देखा कि आप सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने एहराम बांधने के लिए कपड़े उतारे और ग़ुस्ल किया। (हदीसःतिरमिज़ी-830) एहराम उन ख़ास कपड़ों को कहते हैं जिनका पहनना उमरा या हज करने वालों के लिए ज़रूरी है। मक्का मुअज़्ज़मा में दाख़िल होते वक़्त ग़ुस्ल तब किया जाता है जब कि मुसलमान मक्का मुअज़्ज़मा में दाख़िल होना चाहे, उसको चाहिए कि उस पाक नगर में दाख़िल होने से पहले ग़ुस्ल कर ले। हज़रत इब्ने-उमर (रज़ि) से रिवायत है कि पैग़म्बर (सल्ल) जब भी मक्का मुअज़्ज़मा आते तो ज़ी-तुवा नामक जगह पर रात गुज़ारते और सुबह के वक़्त ग़ुस्ल करते और फिर मक्का मुअज़्ज़मा में दाख़िल होते। (हदीसः बुख़ारी- 491, मुस्लिम- 1257) मय्यत (मुर्दे) को ग़ुस्ल देना भी ज़रूरी है। इस लिहाज़ से सफ़ाई-सुथराई की अहमियत इस्लाम में कितनी ज़्यादा है इसका अन्दाज़ा इस बात से भी होता है कि इस्लाम ने मय्यत को दफ़नाने से पहले ग़ुस्ल देने और उसको ख़ुशबू लगाने और पाक-साफ़ कपड़ों का कफ़न देने का हुक्म दिया है। हज़रत उम्मे-अतिय्या (रज़ि) बयान करती है कि ''(जब ख़ुदा के पैग़म्बर मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की बेटी का इन्तिकाल हुआ तो आप सअव हमारे पास आए (हम उस वक़्त आप सअव की बेटी को ग़ुस्ल दे रहे थे) और फ़रमाया कि इनको तीन बार या पांच बार या अगर ज़रूरत हो तो इससे ज़्यादा बार बेरी के पानी से ग़ुस्ल दो और आख़िर में काफ़ूर (या काफ़ूर की क़िस्म की कोई ख़शबूदार चीज़) भी लगा दो।..... (हदीसः बुख़ारी-1254) मय्यत को ग़ुस्ल देने वाले व्यक्ति को चाहिए कि वह उसे ग़ुस्ल देने के बाद ख़ुद भी नहा ले। हज़रत अबू-हुरैरा (रज़ि) से रिवायत है कि ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''अगर कोई शख़्स मय्यत (शव) को नहलाए तो उसे चाहिए कि वह भी नहा ले, और जो व्यक्ति उसे उठाए, उसे चाहिए कि वह वुज़ू कर ले।'' (हदीसः अबू-दाउद-3161) पछना लगवाने के बाद ग़ुस्ल करना अर्थात नहाना चाहिए। पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की बीवी हज़रत आइशा रज़ि कहती हैं कि ''पैग़म्बर सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम इन चार वजहों से ज़रूर ग़ुस्ल करते थे, जब वे 'जुनुबी' होते, जुमा के दिन, जब वे पछना लगवाते और जब किसी मय्यत (शव) को नहलाते।'' (हदीसः अबू-दाउद-348), उपरोक्त विषय के अंतर्गत इस्लाम धर्म की यह एक खासियत है कि वह इंसान को उसकी मान्यताओं, कामों, नैतिकता और चरित्र, कपड़ों, शरीर, भोजन, जरूरतों और इच्छाओं और जीवन के सभी पहलुओं में सफाई और पवित्रता सिखाता है। इसलिए इस्लामी दृष्टिकोण के तहत उपरोक्त सभी मामलों में पवित्रता, स्वच्छता और साफ़ सफ़ाई के रूप में वुज़ू, ग़ुस्ल को विशेष स्थान दिया गया है।

आलेख

गिरीश पंकज

नर्मदा तुमको नमन

होशंगाबाद में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर पिछले दिनों मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी ने वक्ता के रूप में आमंत्रित किया था. निदेशक प्रो. त्रिभुवननाथ शुक्ल का आदेश था. मन भाव-विभोर हो रहा था, यह सोच कर कि एक पंथ कई काज हो जायेंगे. अपने मन की बात तो मंच से कहूँगा ही, लेकिन 'बाबई' भी जाऊंगा, जहाँ दद्दा का जन्म हुआ था,जिसे अब माखन नगर के नाम से भी जाना जाता है. सर्वाधिक व्यग्रता इसी बात को ले कर थी, कि नर्मदा की गोद में अठखेलियां करूंगा. जब कभी बनारस जाता हूँ, तो गंगा में डुबकी लगाने का मन होता है. लेकिन पिछली बार मई में गया तो डुबकी नहीं लगा पाया. इतनी मैली गंगा मैंने इसके पहले कभी नहीं देखी थी. बिल्कुल नाले जैसी. क्या यही वो गंगा है, जिसे मैं बचपन से ही प्यार करता आया हूँ?

गंगा के पास जा कर भी मैं उसमे उतारने कि हिम्मत न कर सका. आँसू बहा कर लौट आया. लेकिन जब होशंगाबाद गया तो नर्मदा मैया ने बुला ही लिया. डुबकी लगते हुए ऐसी अनुभूति हुई कि मैं गंगा की गोद में ही खेल रहा हूँ. नर्मदा में तैरते हुए भी मै हर घड़ी अपने आप को गंगा की गोद में ही महसूस कर रहा था. मैं 'नॉस्टेल्जिक' हो गया. यानी अतीत की मधुर स्मृतियों में चला गया. मुझे गंगा में स्नान करने वाले बचपन के दिन याद आने लगे. नर्मदा के चौड़े



पाट, उसके सुन्दर घाट देख कर बार-बार यही लगता रहा कि मैं गंगा-स्नान कर रहा हूँ.

नर्मदा नदी का वातावरण भी वैसा ही पवन था, जैसा बचपन में गंगा तट पर देखा करता था. लोग आ रहे हैं, स्नान कर रहे हैं, पूजा-पाठ कर रहे हैं, सूर्य को अर्घ्य दे रहे हैं. पण्डे-पुजारी दूकानें सजाकर बैठे हुए हैं. स्नान के बाद बाहर बने मंदिर में लोग भगवान के दर्शन करते हुए घर लौट रहे हैं. पवित्र नदियों में स्नान करने से मन भी पवित्रता से भर जाता है. अब उनकी बात और है जो नदियों को अपवित्र करने की कोशिश में रत रहते हैं. विचारों से और भौतिक रूप से भी. गंगा को तो बनारस और आसपास के लोगों ने कहीं का न छोड़ा, उसी तरह अब नर्मदा के साथ हो रहा है, कुछ नादान लोग जिस नदी को मां कहते हैं, उसे ही कचरे से पाटने की मूर्खताएं करते हैं. फिर भी होशंगाबाद के जागरूक लोग नर्मदा की साफ़-सफाई को ले कर चिंतित हैं, और सफाई अभियान चलाते रहते हैं. नर्मदा में स्नान कर के जो आनंद उस दिन मिला, वह स्मृति-कोष में बस गया है. मां प्यारी नर्मदे, फिर आने की इच्छा है तुम्हारे पास. पता नहीं कब आएगा वह दिन. लेकिन आयेगा ज़रूर. तब तक के लिए तुम्हें नमन. नर्मदे पर हजारों-लाखों गीत लिखे गए हैं.

संस्मरण

अजय कुमार

किस्सा अपनों का

पार्क में ज्यादा भीड़ नहीं थी। पेड़ जैसे शान्त खड़े, किसी के गम शरीक हो, बिना हिले-डुले शोक ग्रस्त थे। बड़ी उमस थी। लेकिन बच्चों को क्या? वे तो अपने खेल में मगन थे। उन्हें किसी के दुख दर्द से क्या मतलब है,वे तो अपने में मस्त थे। लेकिन हर कोई तो मस्त नहीं होता न, कुछ प्रौढ़ किस्म के लोग अपने अपने दर्द समेटे, कुछ देर के लिये ही सही, सब कुछ भूले बैठे-हँसी मजाक में मस्त थे,आप ये मत समझिये कि किसी खास मकसद की बात बात कर रहे थे। पार्क में तो कोई भी हो सकता है। लोग,बच्चे भी हो सकते हैं। मैं तो आपको उनका किस्सा सुनाना चाहता था जो अपने आप में कभी महत्वपूर्ण नहीं हो पाये। आप कहेंगे कि क्या ऐसा हो सकता है? क्या दुख था उन्हें? कौन लोग थे? वे कोई भी लोग हो सकते हैं, होंगे तो आप जैसे ही न, कहीं दूसरी दुनिया से तो आ नहीं जायेंगे। अगर मैं कहूँ कि वे रामप्रसाद, प्रेमनारायण, रामकरण थे तो जल्दी से कोई-कोई कहेंगे, ''अरे उस रामप्रकाश को तो मैं जानता हूँ। वही न जो सांवला है और पान ज्यादा खाता है। तब तो किसी के लिये भी अपनी कहानी लिखा जाना संभव नहीं होगा और मैं भी तो आदमी हूँ। मैं तो सांसत में फंस जाउंगा। अर्जुन की तरह अपना कलम रख दूंगा-आपसे ही कहूँगा-मेरी तो कलम ही नहीं चलती, हर कोई मेरा जानने वाला है, किस के बारे में लिखूँ, किसके लिये लिखूँ। तब क्या आप कृष्ण बन कर मेरे सामने आयेंगे, और बोलेंगे नाम के चक्कर में न पड़ो-शुरु हो जायो। खैर आप भी कहेंगे.छोड़िये ये बातें बाद में,अभी तो पार्क में कुछ लोग बैठे आपस में बात कर रहे थे। इतना ही कह देना काफी नहीं होगा। आप कहेंगे- 'फिर क्या हुआ?' सुना है,बड़ा धमाका हो गया है, आज शहर में। हर जगह जैसा किसी समय महानगरों में हुआ करता था, छोटे-छोटे शहर, कस्बे में भी उसी तरह होने लगा है, आये दिन बलात्कार, हत्या, डकैती। पहले तो लोग आसानी से मनचाहा घूमा करते थे। अब तो बड़ा खराब जमाना आ गया है।' अरे छोड़ो यार तुम भी क्या ले बैठे' हां-हां तुम्हें ये सब दिखाई नहीं देता न, तभी तो ऐसा कह लेते हो। जब मैं नौकरी में आया था. तब से आज तक क्या-क्या बदल गया है, हमारे अधिकारी ऐसे होते थे कि किसी की भी हिम्मत नहीं होती थी कि जाकर सीधे मिल लें। ठेकेदार तो चार हाथ दूर रहते-पूछते थे. 'साहब का मिजाज कैसा है।' रिश्वत तो लेते नहीं थे, जब किसी ने कोशिश की तो फटकार दिया।'' किस विभाग की बात कर रहे हो,यार और किसी विभाग की बात क्यों करुँगा।'

राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस का नया कैंपेन लॉन्च

राहुल गांधी के बर्थडे बेहद खास इवेंट बनाने की कोशिश है, लेकिन असली मकसद आने वाले चुनावों में युवाओं को कांग्रेस से जोड़ना है. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की केंद्र सरकार को घेरना मेला कांग्रेस के नये चुनाव कैंपेन की शुरुआत है. राहुल गांधी तो पहले से ही युवा न्याय कार्यक्रम चला रहे हैं. लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के मेनिफेस्टो में भी युवाओं को पहली पक्की नौकरी देने का वादा किया गया था. अब लगता है वही सिलसिला आने वाले चुनावों में भी जारी रखने की कोशिश है, लेकिन तरीका बदल दिया गया है. सिर्फ वादा नहीं, प्रस्तावित कार्यक्रम की झांकी दिखाने की भी कोशिश की गई है. कांग्रेस के नये चुनाव कैंपेन की शुरुआत है. राहुल गांधी के भाषणों अक्सर '2 करोड़ नौकरी' का जिक्र देखने को मिलता है, जो सीधे सीधे मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश होती है. मोदी और बीजेपी को रोजगार के मुद्दे पर लगातार घेरने के साथ ही, राहुल गांधी देश भर में घूम घूम कर युवाओं के साथ संवाद भी करते हैं. यूथ कांग्रेस की तरफ से अप्रैल, 2025 में जयपुर में भी रोजगार मेला लगाया जा चुका है - और आने वाले चुनावों से पहले राहुल गांधी के जन्मदिन पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में लगाया जा रहा है. भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के मुताबिक, करीब आठ घंटे तक चलने वाले रोजगार मेले में 12वीं पास युवाओं से लेकर पीएचडी तक पढ़ाई कर चुके बेरोजगार युवाओं को बुलाया गया है. दिल्ली के बाद ऐसे रोजगार मेले देशभर में आयोजित करने की तैयारी चल रही है, ताकि आने वाले चुनावों में युवाओं से जुड़ने का माध्यम बन सके बिहार चुनाव को देखते हुए रोजगार और पलायन के मुद्दे पर कांग्रेस ने यात्रा भी निकाली थी. यात्रा का नेतृत्व कन्हैया कुमार कर रहे थे. और, कन्हैया कुमार को सपोर्ट करने के लिए बेगूसराय जाकर राहुल गांधी यात्रा में शामिल भी हुए थे. बेगूसराय से पटना पहुंचने के बाद यात्रा तो जैसे सीन से ही गायब हो गई. बाद में राहुल गांधी दरभंगा भी पहुंचे थे. दलित और ओबीसी छात्रों से संवाद करने. राहुल गांधी तो हॉस्टल में छात्रों से संवाद करना चाहते थे, लेकिन अनुमति नहीं मिल पाई थी.

यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलामृत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D



डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 20 जून 2025

जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

विकसित राष्ट्र बनने की ओर भारत का सफर

> प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक मुनगंटीवार की जानकारी
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 साल का सफर

चंद्रपुर, सुनील तायडे

मोदी सरकार का कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। यह कालखंड 'विकसित भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'संकल्प से सिद्धि' के मंत्रों से जाना जाएगा। 11 साल का यह सफर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों के साथ मिलकर तय किया है। इस दौरान भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी गई है।

11 साल की उपलब्धियों की जानकारी एक भाषण में देना मुश्किल है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई उपलब्धियां हासिल हुईं। मोदी ने साबित कर दिया कि तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल से विकास को गति मिलती है। जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां गरीबों का विकास हुआ है। सरकार का मतलब सेवा है, इसी उद्देश्य से अब काम हो रहा है। सुशासन देश की संस्कृति बन गया है। पिछले 11 वर्षों में भारत अमरता के युग में एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। यह जानकारी एनडी होटल में भाजपा चंद्रपुर जिले की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा, वरिष्ठ नेता चंदनसिंह चंदेल, राजेंद्र गांधी, विधायक देवराव भोंगले, डॉ. मंगेश गुलवाडे और राहुल पावडे मंच पर उपस्थित थे। विधायक मुनगंटीवार ने कहा कि, मोदी सरकार ने भारतीय राजनीति में एक नया शब्द लाया है, कार्यकुशलता की राजनीति। मोदी सरकार ने यह ध्यान में रखते हुए शासन किया है कि हम लोगों के प्रति जिम्मेदार हैं। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाकर और विभिन्न सुधार करके मोदी सरकार ने अपनी नई संस्कृति पेश की है। 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार से ग्रस्त था। देश में कई घोटाले हो रहे थे। देश में पिछड़ों की राजनीति शुरू हो रही थी। हालांकि, मोदी सरकार ने देश में विकास का युग शुरू किया। 2014 से पहले सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक नहीं पहुंचता था। लाभार्थियों को इन लाभों को प्राप्त करने के लिए बिचौलियों के पास जाना पड़ता था। मोदी सरकार ने डीबीटी प्रणाली का उपयोग करके आम आदमी के बैंक खातों में सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने यह जानकारी दी।

यह 140 करोड़ भारतीयों का श्रेय है

2014 से पहले आम आदमी इलाज के खर्च से डरता था। मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में उपलब्ध कराया है। पहले हमें कई वस्तुओं का आयात करना पड़ता था, लेकिन अब हम मेक इन इंडिया के कारण कई वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात कर रहे हैं। 2014 से पहले हमारी अर्थव्यवस्था कमजोर के रूप में जानी जाती थी। अब हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की अवधारणा के अनुसार राज्य का शासन चला है और हर नागरिक ने इसे देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के विकास का श्रेय खुद नहीं लिया है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों को दिया है।

गरीबी उन्मूलन एक संकल्प है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में गरीबी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया है। इसके तहत गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए 140 करोड़ भारतीय सामूहिक प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त शासन का अनुभव होने लगा है। राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से यह देखने को मिला है कि मोदी सरकार विकास के साथ-साथ देश की गौरवशाली संस्कृति को संरक्षित करने को प्राथमिकता दे रही है। जीएसटी जैसे करों ने व्यवस्था में भ्रष्टाचार को खत्म किया है। अनुच्छेद 370 को खत्म करने से देश की अखंडता मजबूत हुई है। सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण की अवधारणाओं को लागू करके मोदी सरकार ने राज्य को चलाने के तरीके के लिए एक आदर्श स्थापित किया है।

फडणवीस सरकार को 'राजधर्म' का पालन करना चाहिए!

> बीएसपी महासचिव डॉ. हुलगेश चलवाड़ी की अपील
> राज्य में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 71.7 लाख है

चंद्रपुर.

राज्य में बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 के अंत तक राज्य में कुल 71.7 लाख युवाओं ने नौकरियों के लिए पंजीकरण कराया है। पिछले साल यह संख्या 10.21 लाख थी। इसका मतलब है कि पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या में इस साल करीब सात गुना वृद्धि हुई है। इसलिए देवेंद्र फडणवीस सरकार को बेरोजगारों को उपयुक्त काम मुहैया कराकर 'राज धर्म' का पालन करना चाहिए, यह अपील बहुजन समाज पार्टी के राज्य महासचिव और पश्चिमी महाराष्ट्र जोन के मुख्य प्रभारी डॉ. हुलगेश चालवाड़ी ने गुरुवार (19) को की।

'सबका भला, सबका सुख' की नीति के अनुसार बीएसपी ने सामाजिक और आर्थिक विकास का समर्थन किया है। हालांकि, ये आंकड़े

राज्य की आर्थिक, औद्योगिक और शैक्षिक नीतियों पर सवाल खड़े करते हैं। डॉ. चलवाड़ी ने राय जाहिर की कि शोषित, वंचित, वंचित और सामान्य वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है और सरकार से ठोस उपायों की अपेक्षा है।

महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश में बेरोजगारी दर बढ़ी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के अनुसार, मई 2025 में देश की कुल बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। अप्रैल में यह दर 5.1 प्रतिशत थी। इसमें शहरी बेरोजगारी दर 17.9 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 13.7 प्रतिशत है। डॉ. चालवाड़ी ने कहा कि यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि कृषि और निर्माण क्षेत्रों पर काफी हद तक निर्भर आबादी प्रभावित हो रही है।

महाराष्ट्र जैसे औद्योगिक रूप से सक्षम राज्य में बेरोजगारी के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। ये आंकड़े लाखों युवाओं और उनके परिवारों के सपनों के टूटने का प्रतीक हैं। डॉ. चलवाड़ी ने मांग की है कि राज्य और केंद्र सरकार इस स्थिति को गंभीरता से लें और रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में यदि मतदाता बसपा को वोट देते हैं तो प्रत्येक नगर पालिका एवं जिला परिषद में कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करके स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। डॉ. चलवाड़ी ने आश्वासन दिया कि बहुजन लोगों के हित में स्थानीय स्तर पर नीतियां बनाई जाएंगी, ताकि स्टार्टअप और महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा सके।

सांसद धानोरकर ने चंद्रपुर जिले के सभी पुलों के संरचनात्मक निरीक्षण की मांग की

चंद्रपुर.

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले से चंद्रपुर जिले के सभी पुलों का गहन संरचनात्मक ऑडिट करने की मांग की है। मौजूदा मानसून सीजन की पृष्ठभूमि में मौजूदा पुलों की सुरक्षा और संरचनात्मक अखंडता के बारे में बढ़ती चिंताओं को देखते हुए यह मांग की गई है।

अपने वक्तव्य में सांसद प्रतिभा धानोरकर ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संभावित दुर्घटनाओं से बचने पर जोर दिया। उन्होंने इस संभावना पर प्रकाश डाला कि जिले में कई पुल पुराने हैं और भारी यातायात, मौसम की स्थिति और नियमित रखरखाव की कमी के कारण समय के साथ खराब हो गए हैं।

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने कहा, "हमारे नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।" "पुलों में किसी भी कमी या क्षति की पहचान करने और आवश्यक मरम्मत या पुनर्निर्माण करने के लिए गहन संरचनात्मक निरीक्षण की आवश्यकता है। इससे न केवल दुर्घटनाएँ रुकेंगी बल्कि जिले में सुचारू संपर्क भी सुनिश्चित होगा।"

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने मंत्री से इस महत्वपूर्ण समीक्षा के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वे चंद्रपुर जिले के विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सांसद धानोरकर ने बस स्टेशन से प्रियदर्शनी चौक तक रेलवे पुल के लिए निर्माण मंत्री से तत्काल मांग की

चंद्रपुर.

सांसद प्रतिभाताई धानोरकर ने लोक निर्माण मंत्री से बस स्टेशन से प्रियदर्शनी चौक तक के मार्ग पर एक नए रेलवे ब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने और तत्काल मंजूरी देने का अनुरोध किया है। सांसद प्रतिभाताई धानोरकर ने एक बयान में कहा कि पुराने रेलवे ब्रिज के पास एक नया रेलवे ब्रिज बनाना बहुत जरूरी है क्योंकि यह कई साल पुराना है।

मौजूदा रेलवे पुल पुराना और संकरा है, जिससे इस मार्ग पर हमेशा ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस कारण यात्रियों, खासकर विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। नया और विशाल रेलवे पुल बनने से शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू होगी , यात्रा का समय बचेगा और दुर्घटनाएं कम होंगी। सांसद धानोरकर ने मंत्रियों से इस परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की है.

सांसद प्रतिभा धानोरकर की बल्लारपुर-सोलापुर स्पेशल ट्रेन की मांग

श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की पहल

चंद्रपुर

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बल्लारपुर से सोलापुर तक विशेष ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की है। इस मांग के पीछे मुख्य उद्देश्य चंद्रपुर जिले के नागरिकों, विशेषकर श्रद्धालुओं के लिए पंढरपुर के पवित्र तीर्थ स्थल की यात्रा को आसान बनाना है।

केंद्रीय रेल मंत्री को लिखे पत्र में सांसद प्रतिभा धानोरकर ने क्षेत्र के लिए बेहतर रेल संपर्क की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वर्तमान में चंद्रपुर और आसपास के इलाकों के निवासियों को भगवान विट्ठल के प्रमुख धार्मिक केंद्र पंढरपुर तक पहुंचने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता

है। बल्लारपुर-सोलापुर विशेष ट्रेन शुरू होने से यात्रियों को राहत मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने कहा, "चंद्रपुर जिले से हजारों श्रद्धालु आषाढ़ी उत्सव के लिए पंढरपुर आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।" "हालांकि, सीधी और सुविधाजनक ट्रेन सेवाओं की कमी के कारण तीर्थयात्रा करना मुश्किल हो जाता है। अगर यह विशेष ट्रेन शुरू की जाती है, तो इससे न केवल यात्रियों की यात्रा आसान होगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।"

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने जोर देकर कहा कि प्रस्तावित रेलवे लाइन महाराष्ट्र के दो महत्वपूर्ण शहरों बल्लारपुर और सोलापुर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बहुत लाभ पहुंचाएगी, क्योंकि यह एक बहुत जरूरी सीधा संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने रेल मंत्रालय से अनुरोध पर तत्काल विचार करने का आग्रह किया है।

चंद्रपुर जिले के नागरिकों ने सांसद प्रतिभा धानोरकर की इस पहल का स्वागत किया है और केंद्रीय रेल मंत्री से शीघ्र और सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद जताई है।

नगर निगम ने आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया

चंद्रपुर.

चंद्रपुर शहर नगर निगम ने शहर में आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए अपना अभियान फिर से शुरू कर दिया है, और उन पशु मालिकों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी जो अपने जानवरों को खुला छोड़कर यातायात में बाधा उत्पन्न करते हैं।

शहर की मुख्य सड़कों और अन्य सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमने से वाहन मालिकों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर निगम ने इस संबंध में पहले भी कार्रवाई की है और पशु मालिकों को समझाया है। समझाने के बाद वे कुछ समय तक अपने पशुओं पर नजर रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि वे सड़क पर न आएं, लेकिन उसके बाद देखा गया है कि पशु फिर से खुले में घूम रहे हैं। इससे पहले 33 ऐसे आवारा पशुओं के मालिकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कर मामला दर्ज किया गया था।

पशु मालिकों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी

पशुपालकों को अपने पशुओं का उचित प्रबंधन करना चाहिए, अन्यथा भविष्य में उन पर आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

इसके लिए नगर निगम की उपद्रव निरोधक टीमें इस पर नजर रखेंगी और लगातार यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नगर निगम ने एक संपर्क नंबर 7038882889 भी उपलब्ध कराया है, ताकि नागरिक आवारा पशु दिखने पर शिकायत कर सकें और शिकायत होने पर कार्रवाई की जाएगी।

हिंदी ब्राह्मण समाज ने किया भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टूवार का सार्वजनिक सम्मान

चंद्रपुर.

हिंदी ब्राह्मण समाज बहुउद्देशीय संस्था, चंद्रपुर द्वारा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सुभाष कासनगोट्टूवार का भव्य सार्वजनिक सत्कार समारोह संजय नगर स्थित दुर्गामाता मंदिर प्रांगण, पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुभाष कासनगोट्टूवार को भाजपा चंद्रपुर महानगर जिल्हा अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के उपलक्ष्य में उनका संघर्ष, सामाजिक सेवा व संगठन के प्रति योगदान का अभिनंदन करते हुए भव्य स्वागत-सत्कार किया गया।

इस समारोह में शहर के अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनैतिक क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, संगठन पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता बंधु, महिलाएं एवं युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ताओं ने कासनगोट्टूवार के जनसेवा में समर्पण, संगठनात्मक नेतृत्व क्षमता और हमारे समाज हिंदी ब्राह्मण बहुउद्देशीय संस्था एवं दुर्गा माता मंदिर संजय नगर के प्रति उनके सतत योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की।

विनोद तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि, यह समाज के लिए गौरव का क्षण है, जब हमारे समाज के लिए एक सजग, समर्पित और समाजनिष्ठ कार्यकर्ता शीर्षस्थ जिम्मेदारी पर आसीन हुआ है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। समारोह के दौरान कासनगोट्टूवार को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ व स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल सम्मान का अवसर था, बल्कि सामाजिक एकजुटता और जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद का सशक्त मंच भी बना।

जेनेलिया का खुलासा रितेश से पहले जॉन से शादी

बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं और इस बार वो नजर आएंगी आमिर खान के साथ फिल्म 'सितारे जमीन पर' में। यह एक इमोशनल स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जो 20 जून 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले जेनेलिया ने एक पुराने विवाद पर खुलकर बात की है, जो 2012 में खूब चर्चा में था। एक इंटरव्यू में जब उनसे 2012 की उस अफवाह के बारे में पूछा गया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने एक फिल्म के सेट पर जॉन अब्राहम से गलती से शादी कर ली थी, तो जेनेलिया ने साफ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि- 'इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। हमारी शादी नहीं हुई थी। ये सारी कहानियां पीआर वालों ने फैलाईं थीं। अब आप उन्हीं से पूछिए कि उन्होंने ऐसा क्यों किया।' उस वक्त खबरें आई थीं कि एक फिल्म के शादी सीन के दौरान असली पंडित, मंत्र, वरमाला, मंगलसूत्र और सात फेरे जैसे रियल रिचुअल्स कराए गए थे, जिससे लोगों को लगा कि दोनों की असलियत में शादी हो गई है। जॉन अब्राहम और जेनेलिया डिसूजा की ये फिल्म 'फोर्स' साल 2011 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म की रिलीज के अगले साल 3 फरवरी 2012 को जेनेलिया ने रितेश देशमुख संग सात फेरे ले लिए। जेनेलिया ने एक्टर रितेश देशमुख से शादी के बाद करीब 10 साल तक फिल्मों से दूरी बनाए रखी।

राजकुमार और पत्रलेखा ने बढ़ाया 'द सिलेक्ट वन्स' का जलवा

रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने अपना नया थीम आधारित कैंपेन 'द सिलेक्ट वन्स के लिए' लॉन्च किया है, जिसमें लोकप्रिय कलाकार राजकुमार राव और पत्रलेखा नजर आ रहे हैं। यह अभियान उन लोगों को समर्पित है जो अपने फैसलों में सोच-समझ रखते हैं, उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहते हैं और अपने मूल्यों से कभी समझौता नहीं करते। एफसीबी नियम द्वारा परिकल्पित इस कैंपेन में एक कलात्मक और प्रेरणा-दायक फिल्म प्रस्तुत की गई है, जो 'सफलता' के विचार को एक गहरे

और सांस्कृतिक नजरिए से पेश करती है। ब्रांड का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से शॉर्ट फिल्मों के प्रति अपने समर्पण को और मजबूती देना है। राजकुमार और पत्रलेखा की व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा इस विचार को साकार करती है कि कैसे 'चुने हुए लोग' अपनी सोच और कड़ी मेहनत से पहचान बनाते हैं। परनोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स आज समझदार दर्शकों के लिए एक विशिष्ट मंच बन चुका है और यह नया अभियान इसी विचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

पति, पत्नी और पंगा में सोनाली बेंद्रे की एंट्री

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे फिर एक बार छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं. लेकिन इस बार वो बच्चों का नहीं, बल्कि बड़ों के रियलिटी शो में अपना कमाल दिखाएंगी. जी हां, इस बार सोनाली बेंद्रे पति-पत्नियों के रिश्तों के बीच की गहराई को समझने और सुलझाने का काम करती हुई नजर आएंगी.

क्योंकि वो कलर्स के नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगाः जोड़ियों का रियलिटी चेक' में होस्ट की कुर्सी संभालती हुईं नजर आएंगी.कहते हैं कि प्यार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें नहीं होती, बल्कि असली प्यार तो रोजमर्रा के छोटे-छोटे पलों में छिपा होता है, चाहे वो साथ में चाय-समोसा खाना हो, रात में एसी के टेम्परेचर को लेकर होने वाली नोक-झोंक हो, या फिर लंबी ड्राइव के लिए गाने चुनने पर कभी न खत्म होने वाली बहस हो. प्यार के इस सच्चे फ्लेवर को सोनाली बेंद्रे अपने खास अंदाज में दर्शकों को परोसेंगी. इस शो में सोनाली बेंद्रे सिर्फ एक होस्ट नहीं होंगी, बल्कि वो कपल्स की एक दोस्त, एक हमराज और कभी-कभी उनकी शरारतों में शामिल होने वाली साथी बनकर दिखेंगी. अपनी सहज मुस्कान, हाजिरजवाबी और गहरी समझ के साथ, सोनाली इन जोड़ियों को खेल-खेल में करीब लाएंगी. अपने इस नए शो के बारे में बात करते हुए सोनाली बेंद्रे कहा, 'मैंने 'पति पत्नी और पंगा' का ऑफर आते ही ये शो करने के लिए तुरंत हां कर दी, क्योंकि मुझे लगा कि ये शो मेरी अपनी शादीशुदा जिंदगी का ही एक हिस्सा है. बस यहां थोड़े कैमरे ज्यादा हैं.सोनाली बेंद्रे ने आगे कहा, "मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे बेहतरीन कहानियां हमारी रोजमर्रा की जिंदगी के आम पलों में ही छिपी होती हैं.

अमिताभ की ना ने चमकाई विनोद खन्ना की किस्मत

बॉलीवुड फिल्मों को लेकर कई बार ऐसा हुआ जब रोल जाता किसी के पास है और करता इसे कोई और है. कुछ ऐसा ही सालों पहले दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ भी हुआ. अमिताभ बच्चन के हाथ से निकली ये फिल्म जबरदस्त हिट साबित हुई थी. इसके गाने आज भी खूब पसंद किए जाते हैं. इस फिल्म को फिरोज खान डायरेक्ट कर रहे थे और उन्होंने पहले इस फिल्म को अमिताभ बच्चन के साथ ही बनानी चाही, लेकिन ऐसा हुआ नहीं. चलिए जानते हैं कि ऐसा क्या हुआ कि अमिताभ बच्चन चाहकर भी इस फिल्म का हिस्सा न बन सके और उनकी जगह किसी दूसरे एक्टर ने ले ली.हम बात कर रहे हैं साल 1980 की ब्लॉकबस्टर फिल्म कुर्बानी की. इस फिल्म को फिरोज खान ने डायरेक्ट किया था. फिल्म में 'अमर' नाम के किरदार के लिए पहले फिरोज खान ने अमिताभ बच्चन को अप्रोच किया था. अमिताभ बच्चन इस फिल्म को करने के लिए तैयार भी हो गए. लेकिन उन्होंने बताय कि वो अगले छह महीनों तक व्यस्त हैं. लेकिन फिरोज खान इतना लंबा इंतजार नहीं कर सकते थे. इसलिए अमिताभ बच्चन ये फिल्म नहीं कर पाए और फिरोज ने 'अमर' के किरदार लिए विनोद खन्ना चुन लिया.'अमर' के किरदार में नजर

चलते इंटरव्यू में विजय पर भड़क गईं रश्मिका

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की बॉडिंग भला कौन नहीं जानता है। वो जब भी किसी फिल्म का हिस्सा बनते हैं तो साथ में काफी अच्छे लगते हैं। लेकिन अब एक वीडियो सामने आया है जो कि आपको हैरान करने के लिए काफी है। इस वीडियो में इंटरव्यू के दौरान विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना भिड़ते नजर आ रहे हैं। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साथ में नजर आ रहे हैं और रश्मिका कहती है कि वो अब विजय के साथ काम नहीं करेंगी। चलते इंटरव्यू में वो खुद को एंटरटेनमेंट बताती हैं और अभिनेता से मुंह फेर लेती है। उनकी इस हरकत से लोग हैरान हैं लेकिन विजय देवरकोंडा पहले पहले परेशान होते हैं लेकिन बाद में हंसना शुरू कर देते हैं।रश्मिका मंदाना इस वीडियो कह रही है कि, 'तुम मुझे अपने आने वाली फिल्मों में बहुत ज्यादा करोगे। तुम मुझे कॉल करोगे और कहोगे कि आओ और यहां बैठो। मैं एंट-रटेनमेंट हूं। तुम दूसरी फिल्में करो, मैं काफी लंबे वक्त के लिए तुम्हारे साथ कोई भी फिल्म साइन नहीं करने वाली हूं। मैं अब विजय देवरकोंडा को डेट्स नहीं दूंगी।'

अभिषेक के पोस्ट पर श्वेता का तगड़ा रिएक्शन

बच्चन परिवार के बीच धीरे धीरे सब कुछ नॉर्मल हो ही रहा था कि अभिषेक बच्चन के एक क्रिस्टल पोस्ट ने फिर से कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ समय पहले ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के बीच अलगाव की खबरें आईं थीं लेकिन बाद में वो अफवाहें साबित हुईं थीं। लेकिन अब अभिषेक बच्चन ने एक ब सा पोस्ट किया है। इस पोस्ट में आपको लगेगा की वा कुछ कहना हैं लेकिन खुलकर अपनी बात नहीं कह पा रहे हैं। इसके अलावा इस पोस्ट पर अभिषेक बच्चन की बहन श्वेता बच्चन ने रिएक्ट है। ऐसा लग रहा है कि बहन को पता है कि अभिषेक क्या कहना चाहते हैं। इसके अलावा इस पोस्ट पर बच्चन परिवार के किसी सदस्य का रिएक्शन नहीं आया है।

जूनियर बच्चन ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, 'मैं एक बार लापता होना चाहता हूं, भीड़ में खुद को पाना चाहता हूं। जो कुछ भी था सब दे दिया अपनों के लिए। ब जरा सा वक्त बस अपने लिए चाहता हूं।' इस तरह से अभिषेक बच्चन ने पोस्ट किया था। इस पर श्वेता बच्चन ने रिएक्ट करते हुए लाइक किया है। इसके अलावा उन्होने कुछ नहीं कहा। ऐसा लगता है जैसे श्वेता बच्चन ी हैं कि वो किस बारे में बात कर रहे हैं। अभिषेक बच्चन सोशल मीडिया पर इतना एक्टिव नहीं रहते हैं लेकिन कभी कभी वो काफी गंभीर होते हैं।

नीना गुप्ता का धमाकेदार कमबैक

बॉलीवुड की दमदार और बेबाक एक्ट्रेस नीना गुप्ता एक बार फिर सुर्खियों में हैं. फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक, उन्होंने हर प्लेटफॉर्म पर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. खासकर ओटीटी पर उनकी पकड़ अब और भी मजबूत होती दिख रही है. चाहे 'पंचायत' की मंजू देवी हों या सस्पेंस से भरी '1000 बेबीज' , नीना हर रोल में जान डाल देती हैं.नीना गुप्ता की वेब सीरीज 'पंचायत' का तीसरा सीजन जबरदस्त हिट रहा. मंजू देवी के किरदार में उनका अंदाज और डायलॉग डिलीवरी दर्शकों को बेहद पसंद आई. प्रधान पति की पत्नी होने के साथ-साथ वह खुद भी गांव की असली नेता बनकर उभरीं. अब जब 24 जून को 'पंचायत सीजन 4' रिलीज होने वाला है, तो फैंस की एक्साइटमेंट सातवें आसमान प है.हाल ही में नीना डिज्नी प्लस हॉ की वेब सीरीज '1000 बेबीज' में न आईं, जो एक सस्पेंस-थ्रिलर है. इस श में उनका रोल काफी अलग था, दर्शकों से खूब तारीफें भी मिलीं. इसके अलावा, वो जल्द ही फिल्म 'मे दिनों' में दिखाई देंगी, जिसमें आदित्य रॉय कपूर, सारा अली ख पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे भी हैं. यह मूवी 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.सिर्फ वेब नहीं, फिल्मों में भी नीना का जलवा बरकरार है. उन्होंने फिल्म 'ऊंचाई' के ि बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेश अवॉर्ड जीता. साल 2023 में भी वह कई दमदार फिल्मों में नजर आईं, जैसे 'मस्त में रहने का', 'लास्ट स्टोरीज 2',और 'मिसेज च वर्सेस नॉर्वे'.नीना गुप्ता की रियल लाइफ भी किस फिल्मी कहानी से कम नहीं रही.

अक्षय कुमार की फिल्म पर बैन की तलवार लटकी

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की हालिया रि फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' रिलीज के 2 महीने ब वेवादों में आ गई है. इस नवी को लेकर पश्चिम बंगाल में बड़ा विवाद छिड़ गया है. दरअसल, तृणमू कांग्रेस ने फिल्म पर बंग के स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करन का आराप लगाते हए फिल्म के 7 र्माताओं के खिलाफ एफ-की गई है.टी-एमसी का कहना है कि फिल्म 'केसरी 2' में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल की भूमिका को तोड़-मरोड़ कर पेश केया गया है.टीएमसी नेता कुणाल घोष और

अरूप चक्रवर्ती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि यह सिर्फ एक गलती नहीं बल्कि बंगाल के गौरव को ठेस पहुंचाने की एक सोची-समझी साजिश है. घोष ने आरोप लगाया कि फिल्म में क्रांतिकारी हेमचंद्र कानूनगो की जगह एक काल्पनिक किरदार 'कृपाल सिंह' को रखा गया है, जो बेहद शर्मनाक है.मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फिल्म का नाम लिए बिना इसे भाजपा समर्थित साजिश बताया और कहा कि 'आजादी की लड़ाई में बंगाली क्रांतिकारियों द्वारा निभाई गई भूमिका को कमतर आंकने की कोशिश की जा रही है. हम इसकी निंदा करते हैं. भाजपा बंगाल और हमारी सांस्कृतिक विरासत को निशाना बना रही है.' उन्होंने सेंसर बोर्ड की भूमिका पर भी सवाल उठाए.

भारत-इंग्लैंड का ऐतिहासिक मुकाबला

स्विंग-पिच पर बनेगा खेल का मिजाज

नई दिल्ली. लीड्स का हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड इंग्लैंड के सबसे ऐतिहासिक मैदानों में से एक है, जहां भारत और इंग्लैंड के बीच कई यादगार टेस्ट मैच खेले गए हैं. ये मैदान अपनी स्विंग और सीम-फ्रेंडली पिच के लिए जाना जाता है, जो तेज गेंदबाजों को मदद प्रदान करता है. भारत का इस मैदान पर प्रदर्शन मिला-जुला रहा है, लेकिन कुछ शानदार जीतें भी दर्ज की गई हैं. एक बार फिर से इस मैदान पर खेलने के टीम इंडिया तैयार है. आज से सामना इंग्लैंड से है. लेकिन, उससे पहले आइए जानते हैं भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले में खेले गए टेस्ट मैचों के रिकॉर्ड, पिच के मिजाज और उससे जुड़े आंकड़ों पर.

भारत ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 7 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें भारत ने 2 जीते हैं जबकि इंग्लैंड ने 3 मैच जीते हैं. वहीं बाकी 2 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं. भारत और

इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले में जो 7 टेस्ट मैच खेले गए, जिसमें 3 बार टॉस भारत के फेवर में रहा है, जबकि 4 मैच में इंग्लैंड के फेवर में सिक्का उछला है. भारत ने जिन 3 मैच में टॉस जीते उनमें वो एक जीता, 1 हारा और 1 ड्रॉ खेला है. वहीं इंग्लैंड ने 4 में से 2 टेस्ट जीते हैं. 1 हारा है और 1 ड्रॉ खेला है.

हेडिंग्ले में पहला भारत-इंग्लैंड टेस्ट साल 1952 में खेला गया था, जिसे मेजबान टीम ने 7 विकेट से जीता था. वहीं आखिरी टेस्ट साल 2021 में हुआ था. उसे भी इंग्लैंड ने ही एक पारी और 76 रनों से जीता था.

भारत ने इस मैदान पर अपनी आखिरी जीत 2002 में दर्ज की थी, जब सौरव गांगुली की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को एक पारी और 46 रनों से हराया था.

हेडिंग्ले के हेड ऑफ ग्राउंड रिचर्ड रॉबिंसन ने खुलासा किया है कि इस बार पिच को बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल बनाने की कोशिश की गई है.

हालांकि, पिच पर अभी भी हल्का हरा रंग है, जो गेंदबाजों को शुरुआती मदद दे सकता है. 20 जून 2025 को शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए मौसम गर्म और सूखा रहने की उम्मीद है. लेकिन तीसरे दिन बादल छाए रह सकते हैं, जिससे स्विंग गेंदबाजों को फायदा मिल सकता है. आखिरी दो दिनों में 25% बारिश की संभावना है.

हेडिंग्ले में पिच और कंडीशन

अब सवाल है कि हेडिंग्ले की पिच कैसी है? हेडिंग्ले की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है. खासकर सुबह के सेशन में, बादल छाए रहने और नमी के कारण गेंदबाजों को स्विंग और सीम मूवमेंट मिलता है. हालांकि, पिच पर बल्लेबाजी पहले और दूसरे दिन बेहतर हो सकती है, खासकर अगर बल्लेबाज शुरुआती घंटों को निकाल लें.

धोनी पर योगराज का निशाना

कहा 'सिर्फ एक के लिए सबको कुर्बान किया गया'

नई दिल्ली. भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह, एमएस धोनी के बहुत बड़े आलोचकों में से एक रहे हैं. अब उन्होंने एक और विवादित बयान दिया है, जिसे एमएस धोनी से जोड़ा जा रहा है. खासतौर पर युवराज सिंह के टीम इंडिया से ड्रॉप होने के बाद उन्होंने एमएस धोनी की आलोचना करते हुए कई सारे बयान दिए हैं. अब उन्होंने कहा है कि केवल एक खिलाड़ी को सपोर्ट करने के चक्कर में पूरे घर/टीम को राख कर दिया गया. एक मीडिया इंटरव्यू योगराज सिंह ने बताया कि जब सौरव गांगुली कप्तान थे, तब टीम के अंदर भाईचारा चरम पर हुआ करता था.

इनसाइड स्पोर्ट से बात करते हुए योगराज सिंह ने कहा, "हमारी टीम में सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, जवागल श्रीनाथ, अनिल कुंबले और अन्य सीनियर शामिल थे. हरभजन सिंह, युवराज सिंह, वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और जहीर खान युवाओं में शामिल थे. ये खिलाड़ी आने वाले समय में युवा टीम को लीड करते हुए महान खिलाड़ियों में शामिल हो सकते थे. लेकिन हमने क्या किया? हमने सिर्फ एक व्यक्ति को सपोर्ट करने के लिए पूरे घर को जलाकर रख दिया. मैं उसका नाम नहीं लूंगा."

योगराज सिंह ने हाल ही में बीसीसीआई पर भी संगीन आरोप लगाते हुए कहा था कि 2011 वर्ल्ड कप के बाद बोर्ड ने टीम इंडिया के कई खिलाड़ियों का करियर बर्बाद कर दिया था.

उन्होंने कहा, "गौतम गंभीर, युवराज सिंह, राहुल द्रविड़ और मोहम्मद कैफ समेत 7 खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने 2011 वर्ल्ड कप के बाद टीम से यूं ही बाहर कर दिया था.योगराज सिंह ने यह भी कहा कि जब आप प्यार बांटते हैं तो आपको सचिन तेंदुलकर, गौतम गंभीर, युवराज सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी मिलते हैं. उनका मानना है कि ऐसा वातावरण कभी टैलेंट को व्यर्थ नहीं जाने देता.

30 साल बाद भी वही ओपनिंग फार्मूला

कोलंबो. बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच गॉल में पहला टेस्ट खेला जा रहा है. इस टेस्ट में बांग्लादेश की पहली पारी 495 रन पर सिमट गई. जवाब में श्रीलंका की टीम का आगाज 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी ने किया. अब आप सोच रहे होंगे कि श्रीलंका के लिए ओपनिंग करने तो पाथुम निसंका और लाहिरू उदारा उतरे, फिर ये 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी से क्या मतलब? तो बेशक ओपनिंग पाथुम निसंका और लाहिरू उदारा ने की मगर उस जोड़ी में श्रीलंका की 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी वाली झलक रही.

दरअसल, टेस्ट क्रिकेट में ऐसा 30 साल बाद देखने को मिला जब श्रीलंका के लिए दाएं हाथ के दो बल्लेबाजों ने ओपनिंग की. बांग्लादेश के खिलाफ गॉल में खेले जा रहे टेस्ट मैच से पहले श्रीलंका के लिए दो दाएं हाथ के बल्लेबाजों ने ओपनिंग साल 1995 में की थी. तब मेलबर्न में खेले बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोशन महानामा और चंदिका हथुरासिंघे ने की थी.

श्रीलंका के दाएं हाथ के दोनों ओपनर के सामने चुनौती पिछले 12 महीने से चले आ रहे खराब ओपनिंग के रिकॉर्ड को दुरुस्त करने की थी. मगर ऐसा नहीं हो सका. पिछले 12 महीनों में श्रीलंका सबसे खराब ओपनिंग का रिकॉर्ड रखने वाली टीम रही है. उसके ओपनर्स ने उस दौरान 15.37 की मामूली औसत से रन बनाए हैं.

पाथुम निसंका और लाहिरू उदारा, दाएं हाथ के इन दोनों ओपनर, से उम्मीद की जा रही थी कि वो उस रिकॉर्ड में कुछ सुधार करेंगे. मगर इनके बीच बनती साझेदारी ने 50 रन तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया.

बांग्लादेश के खिलाफ गॉल टेस्ट में श्रीलंका के दाएं हाथ के दोनों ओपनर ने मिलकर 47 रन ही स्कोर बोर्ड में जोड़े. श्रीलंका की ओपनिंग जोड़ी लाहिरू उदारा के आउट होने से टूटी, जिन्होंने 29 रन बनाए. 31 साल के लाहिरू उदारा श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और बांग्लादेश के खिलाफ ही गॉल टेस्ट में उन्होंने डेब्यू किया है.

पीकेएल में नंबर 1 रेडर बनने की होड़

नई दिल्ली. प्रो कबड्डी लीग देश की सबसे लोकप्रिय खेल लीगों में से एक है। वैसे तो कबड्डी के खेल में हरेक खिलाड़ी का रोल अहम होता है, लेकिन रेडर्स की बात ही कुछ और होती है, तभी तो उनका महत्व कुछ ज्यादा ही देखने को मिलता है। रेडर्स कबड्डी में आक्रामक खिलाड़ी होते हैं और वे विरोधियों को छूकर और मिड लाइन को पार करके पॉइंट्स अर्जित करते हैं। प्रो कबड्डी लीग इतिहास में कई बेहतरीन रेडर हुए हैं, लेकिन कुछ ऐसे हैं, जो बाकियों से अलग हैं। इनमें सबसे आगे हैं- प्रदीप नरवाल (1810 रेड पॉइंट्स), जिन्होंने सीजन दर सीजन अपना दबदबा बनाए रखते हुए सबसे बेस्ट रेडर बने। हालांकि उनके संन्यास के बाद अब उनके इर्द-गिर्द सिर्फ दो ही रेडर हैं, जिनके पास उन्हें पीछे छोड़ने का मौका है।

पीकेएल 2014 में जयपुर पिंक पैंथर्स के लिए खेलते हुए अपने करियर की शुरुआत करने वाले मनिंदर सिंह प्रो-कबड्डी लीग 2025 के ऑक्शन में पटना पाइरेट्स ने 20 लाख रुपए में साइन किया है। वह प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में दूसरे सबसे सफल रेडर है। उन्होंने 158 मैच में कुल 1544 रेड पॉइंट्स हांसिल किए हैं।

अब उनके पास पीकेएल 12 ऑक्शन में अनसोल्ड की वजह से संन्यास ले चुके प्रदीप नरवाल को पीछे छोड़ने का शानदार मौका है। यदि मनिंदर

सिंह पीकेएल12 में 267 रेड पॉइंट्स हांसिल करने में सफल रहते हैं तो वह प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में सबसे सफल रेडर का तमगा हांसिल कर लेंगे। पवन सहरावत–प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी में पवन कुमार सहरावत को तमिल थलाइवाज ने 59.5 लाख रुपए में खरीदा है। वह प्रो कबड्डी लीग इतिहास के तीसरे सबसे सफल रेडर हैं, जिनके नाम 139 मैचों में 1388 रेड पॉइंट्स हैं।

मोईन अली के भतीजे का तूफानी डेब्यू

नई दिल्ली. एक मोईन अली गए तो लगता है इंग्लैंड क्रिकेट में दूसरे मोईन अली की वापसी होने जा रही है. फिलहाल ऐसा कहना जल्दीबाजी है लेकिन आने वाले समय में ये हकीकत भी हो सकता है. हम बात कर रहे हैं 17 साल के इसाक मोहम्मद की, जो रिश्ते में मोईन अली के भतीजे लगते हैं. लेकिन, उनके खेलने का अंदाज और मिजाज बिल्कुल अपने चाचा वाला है. इसाक मोहम्मद ने 18 जून को टी20 ब्लास्ट में डेब्यू किया. उन्होंने अपना पहला मैच डरहम के खिलाफ खेला, जिसमें उन्होंने 213 से भी ज्यादा की स्ट्राइक रेट से ऐसा धमाका किया कि देखने वाले भी दंग रह गए. इस दौरान उनके बल्ले से ना चौके कम बरसते दिखे और ना छक्के. उन्होंने दोनों के बीच संतुलन बना रखा था.

इसाक मोहम्मद ने वोर्सेस्टरशर की ओर से अपना पहला मैच खेला, जिसमें उन्होंने अपने धमाकेदार डेब्यू की शानदार स्क्रिप्ट लिखी. 17 साल के इसाक ने वोर्सेस्टरशर के लिए पारी की शुरुआत की, जिसके बाद इनिंग के दूसरे ही ओवर में उन्होंने अपने इरादे से सबको रूबरू करा दिया. वो इस मैच को एक डेब्यूटेंट की तरह नहीं बल्कि मंझे हुए खिलाड़ी की तरह खेले. उनकी इनिंग की पहली बाउंड्री चौके के तौर पर आई और फिर उन्होंने जो दूसरे ही ओवर में अपनी इनिंग का पहला छक्का लगाया, उसमें पूरी तरह से उनके चाचा यानी मोईन अली वाला अंदाज दिखा.

इसाक मोहम्मद के लिए ये बस शुरुआत थी. आगे उन्होंने ऐसे 4 और चौके-छक्के लगाए. उनकी पारी ज्यादा लंबी नहीं रही मगर जितनी भी बड़ी रही वो वोर्सेस्टरशर को शानदार शुरुआत दिलाने, उसकी मजबूत बुनियाद रखने को काफी रही. इसाक मोहम्मद ने डरहम के खिलाफ 15 गेंदों का सामना किया. जिसमें 213.33 की स्ट्राइक रेट से 32 रन, 3 चौके और 3 छक्के की बदौलत जड़े. 17 साल के इसाक की इस पारी की बदौलत ना सिर्फ वोर्सेस्टरशर को मजबूत शुरुआत मिली बल्कि आगे चलकर उसने 17 गेंद पहले ही मुकाबला भी जीत लिया.

इससे पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डरहम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन बनाए थे. जवाब में वोर्सेस्टरशर ने 156 रन के लक्ष्य को 17.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया.

रिजवान और शाहीन अफरीदी भी खेलेंगे बिग बैश लीग

नई दिल्ली. ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के 2025-26 सीजन का आगाज होने जा रहा है. इससे पहले प्लेयर ड्राफ्ट के जरिए बीबीएल की फ्रेंचाइजी अपनी टीमें बना रही हैं. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कई खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान, हारिस रऊफ, शादाब खान और शाहीन अफरीदी जैसे खिलाड़ियों ने बिग बैश लीग के लिए प्लेयर ड्राफ्ट में रजिस्टर किया है. वहीं बाबर आजम को बीबीएल में सिडनी सिक्सर्स ने प्री-साइनिंग ड्राफ्ट के जरिए टीम में शामिल कर लिया है.

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को दो बार की चैंपियन ब्रिसबेन हीट ने अपनी टीम में शामिल किया है. अफरीदी ने इसी बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल 2025) में 16.42 की औसत से 19 विकेट लिए हैं. ब्रिसबेन हीट को इस बार सबसे पहले प्लेयर ड्राफ्ट में से खिलाड़ी चुनने का मौका मिला, इस मौके पर सभी देशों के खिलाड़ियों में शाहीन अफरीदी को सबसे पहले चुना गया.

बीबीएल के प्लेयर ड्राफ्ट में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों में चौथे नंबर पर मोहम्मद रिजवान का चुना गया.

मेलबर्न रेनेगेड्स ने रिजवान को अपनी टीम में शामिल किया. इसके अलावा शादाब खान को सिडनी थंडर ने, हरिस रऊफ को मेलबर्न स्टार्स और हसन अली को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने अपनी टीम में शामिल किया है. बिग बैश लीग में एक सैलरी क्राइटेरिया बना हुआ है. इसमें खिलाड़ियों को चार कैटेगरी में बांटा गया है- प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज. इसी मुताबिक ही बिग बैश लीग खेलने वाले प्लेयर्स को सैलरी मिलती है. बाबर आजम को टॉप कैटेगरी के तहत सिडनी सिक्सर्स ने अपनी टीम में लिया है. बाकी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को किस कैटेगरी के तहत लिया गया है, अभी ये फाइनल नहीं हुआ है.

चोटिल हेली मैथ्यूज पूरे सीजन से बाहर



मेलबोर्न. मेलबर्न रेनेगेड्स की स्टार ऑलराउंडर और दुनिया की नंबर 1 टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज इस बार विमेंस बिग बैश लीग सीजन 11 में हिस्सा नहीं लेंगी। क्लब ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी। मैथ्यूज को हाल ही में वेस्टइंडीज की एकदिवसीय सीरीज के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके चलते उन्हें आगामी टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा है।

रेनेगेड्स ने हेली मैथ्यूज को ओवरसीज प्लेयर ड्राफ्ट से पहले प्री-साइन किया था। यह उनका डब्ल्यूबीबीएल में चौथा सीजन होने वाला था, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए अब उन्हें कंधे की सर्जरी करानी होगी। हालांकि, सर्जरी से पहले वह वेस्टइंडीज की कप्तानी करना जारी रखेंगी और कैरेबियन प्रीमियर लीग में बारबाडोस रॉयल्स की ओर से खेलेंगी।

क्लब के जनरल मैनेजर जेम्स रोसेनगार्टन ने कहा, "यह हमारे लिए बेहद निराशाजनक है कि हेली मैथ्यूज इस सीजन में हमारे साथ नहीं होंगी। उन्होंने न सिर्फ मैदान पर, बल्कि अपनी लीडरशिप और प्रोफेशनलिज़्म से भी टीम में जबरदस्त योगदान दिया है। रेनेगेड्स और हेली के बीच एक मजबूत रिश्ता है, जो आगे भी बना रहेगा।" अब जब हेली टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं, रेनेगेड्स के पास तीनों ओवरसीज स्लॉट खाली हो गए हैं जिन्हें क्लब डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के ज़रिए भरेगा।

तेंदुलकर को लीड्स जाते हुए पुलिस ने रोका

नई दिल्ली. भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीडस् के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. इससे पहले आपको वो किस्सा सुनाते हैं, जो सचिन तेंदुलकर ने खुद बताया था कि क्यों उन्हें लीड्स जाते हुए पुलिस ने बीच सड़क पर पकड़ लिया था और उनसे पूछताछ की थी.

लीडस् में भारतीय क्रिकेट टीम ने 7 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 हारे हैं और 2 जीते हैं. 1 बेनतीजा रहा है. लीड्स से जुड़े सचिन तेंदुलकर के इस किस्से को खुद सचिन ने बताया था, जो अभी का नहीं बल्कि कई साल पहले का है. अभी जो प्लेयर्स इंडियन स्क्वाड में शामिल हैं, उनमें से शायद ही किसी का जन्म भी हुआ होगा, ये तब का किस्सा है. तेंदुलकर 1992 में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे थे, वह यॉर्कशायर क्रिकेट क्लब का हिस्सा थे.

सचिन ने एक वीडियो में इस मजेदार किस्से को सुनाया था. उन्होंने बताया कि जब वो यॉर्कशायर क्लब का हिस्सा थे, तब वो एक मैच खेलने के लिए न्यूकासल गए थे. मैच के बाद वह रात को ही न्यूकासल से लीड्स लौट रहे थे, उनके साथ साथी खिलाड़ी जतिन परांजपे भी थे. सचिन को तब यॉर्कशायर क्लब ने एक कार दी हुई थी, वो उसी से आ रहे थे.

रात के समय उस समय सड़क पर जगह-जगह काम चल रहा था. इस कारण वहां स्पीड लिमिट 50-55 मील प्रतिघंटा कर दिया था. रात ज्यादा हो गई थी तो उन्होंने आगे चल रही एक पुलिस के पीछे-पीछे चलने का फैसला किया ताकि कोई दिक्कत न हो. मगर कुछ समय बाद पुलिस ने उन्हें हाथ से कुछ इशारा किया, जिसे सचिन समझ नहीं पाए और लाइट की रौशनी तेज कर दी.

ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दिव्या देशमुख ने दर्ज की जीत

वर्ल्ड नंबर 1 होउ यिफान को हराया

नई दिल्ली. भारत की युवा शतरंज सनसनी दिव्या देशमुख ने लंदन में आयोजित फिडे विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को ब्लिट्ज सेमीफाइनल में पराजित कर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक जीत पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया समेत पूरे देश से बधाइयाँ मिल रही हैं।

दिव्या ने दुनिया की नबंर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को शिकस्त दी, जिसके बाद पीएम मोदी ने उनको सराहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, "लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।"

दिव्या देशमुख ने पीएम मोदी के ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा, "धन्यवाद, आदरणीय प्रधानमंत्री का मुझे सम्मानित करना, मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।" दिव्या की जीत के बाद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पर उनकी शानदार जीत की सराहना की है।

मनसुख मांडविया ने 'एक्स' पर लिखा, "लंदन में विश्व टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर उनकी शानदार जीत के लिए हमारी शतरंज स्टार दिव्या देशमुख को हार्दिक बधाई। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं।"

इसके बाद उन्होंने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में दबदबा बनाया, जिससे उनकी टीम ने दोनों राउंड में उज्बेकिस्तान को 3.5-2.5 से हराकर टीम कांस्य पदक जीता। रैपिड फॉर्मेट में दिव्या को पांच जीत, छह ड्रॉ और सिर्फ एक हार मिली। उन्होंने बोर्ड 6 पर 2420 की प्रदर्शन रेटिंग के साथ टीम रजत और एक व्यक्तिगत कांस्य पदक हासिल किया।

देश में अंग्रेजी बोलने वालों को अपने ऊपर आएगी शर्म

> जानें क्यों बोले गृहमंत्री अमित शाह?

नई दिल्ली.

गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारतीय भाषाएं देश की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक हैं, और अब समय आ गया है कि हम अपनी भाषाई विरासत को दोबारा अपनाएं और दुनिया के सामने गर्व से आगे बढ़ें. गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व आईएएस अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री की किताब 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के दौरान कहा कि भारत में जल्द ही ऐसा समाज तैयार होगा, जिसमें अंग्रेज़ी बोलने वालों को खुद पर शर्म आने लगेगी. उन्होंने कहा, "जो लोग यह सोचते हैं कि बदलाव नहीं हो सकता, वे भूल रहे हैं कि परिवर्तन सिर्फ निश्चयी लोग ही ला सकते हैं. हमारी भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं, और इनके बिना हम भारतीय नहीं रह सकते.

शाह ने कहा कि भारत, उसका इतिहास, उसकी संस्कृति और धर्म को समझने के लिए विदेशी भाषाएं कभी भी पर्याप्त नहीं हो सकतीं. उन्होंने कहा,"अधूरी विदेशी भाषाओं से भारत को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता. मुझे पता है यह संघर्ष आसान नहीं है, लेकिन मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि भारतीय समाज इस लड़ाई को ज़रूर जीतेगा. हम आत्मसम्मान के साथ अपनी भाषाओं में देश चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे. किताब के लेखक आशुतोष अग्निहोत्री के अनुभवों पर बात करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग प्रणाली में बदलाव की जरूरत है. उन्होंने कहा, "आज भी हमारी प्रशासनिक ट्रेनिंग में सहानुभूति की जगह नहीं है, शायद यह ब्रिटिश कालीन सोच का असर है. अगर कोई प्रशासक सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह शासन का असली उद्देश्य कभी नहीं पा सकता."

'पंच प्रण' ही है भारत के अमृतकाल का रास्ता

अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'पंच प्रण' (पांच संकल्प) का उल्लेख करते हुए कहा कि ये आज 130 करोड़ भारतीयों का संकल्प बन चुके हैं. उन्होंने कहा, "विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की हर मानसिकता से मुक्ति, अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व, एकता और अखंडता के प्रति समर्पण, और नागरिकों में कर्तव्यबोध—इन पाच प्रणों से हम 2047 तक दुनिया के सर्वोच्च शिखर पर होंगे. और इसमें हमारी भाषाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी.

महिला बन घूम रहा था बदमाश

> पुलिस ने जाल बिछाकर दबोचा

जयपुर.

राजस्थान के जोधपुर में पुलिस कमिश्नरेट ईस्ट के सदर कोतवाली पुलिस थाना टीम को क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर को चार महीने तक गच्चा दिया. आखिरकार आज अनोखे हालात में दबोचा लिया गया है. इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस के जवान एक महिला के कपड़े पहने हुए बदमाश को पकड़े दिख रहे हैं. हिस्ट्रीशीटर दयाशंकर की गुंडागर्दी से हर कोई परेशान था.

दयाशंकर लगातार अपराध की वारदात को अंजाम दे रहा था. बदमाश दयाशंकर पर मारपीट और लूट के करीब 13 मामले दर्ज है. पुलिस के द्वारा दयाशंकर को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया हुआ था. उसने पुलिस से बचने के लिए ऐसा जुगाड़ लगाया. इस हिस्ट्री सीटर ने महिला का वेश धारण कर साड़ी पेटीकोट और ब्लाउज पहन रखा था.

जोधपुर पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह वर डीसीपी आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाधिकारी अनिल कुमार यादव के टीम बनाई गई. घटना की गम्भीरता को देखते हुये. आसूचना का संकलन कर घटना से आरोपी के सीसीटीवी फुटेजो के आधार पर पकड़ने के प्रयास किये वांछित आरोपी दया शंकर तर्फ बिटटू पुत्र उम्र 35 साल पुलिस थाना सदर कोतवाली जोधपुर पूर्व जो वांछित होने से महिला की वैशभुषा में छुपा हुआ अपने ही घर पर महिला के कपड़े पहने हुये घर में हीं बैठा था.

पुलिस बार-बार घर जाकर तलाश कर रही थी. उसने जो महिला के वेश में बैठा हाथों से ईशारा कर बता देता कि दया शंकर घर पर नहीं है. आज टीम द्वारा मुखबिर से गुप्त सूचना पर दया शंकर के घर जाकर पता किया तो मालुम चला कि महिला के वैशभुषा में जो छोटे-छोटे बालो वाली महिला के वैश में वांछित आरोपी दया शंकर हिस्ट्रीशीटर ही है.

'इजराइल ने नरसंहार किया, हमारा दोस्त ईरान है'

> बोले कांग्रेस सांसद इमरान मसूद

लखनऊ.

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इजरायल-ईरान युद्ध पर एक ऐसा बयान दिया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है. कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इजरायल की आलोचना करते हुए ईरान के साथ भारत की ऐतिहासिक दोस्ती की बात कही है. इसके साथ ही कांग्रेस सांसद ने साफ कहा है कि हम ईरान के साथ हैं.कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इजरायल-ईरान युद्ध पर कहा, "यह बहुत दुखद है, इजराइल ने जिस प्रकार से नरसंहार किया है. आक्रमक इजरायल है, ईरान नहीं, हर आदमी को अपने हितों की रक्षा करने का अधिकार है. हमारा दोस्त ईरान है, हमारी ईरान से दोस्ती ऐतिहासिक है. हमारे रिश्ते ईरान के साथ हैं.

"बता दें कि इजरायल-ईरान तनाव को लेकर यूपी की सियासी हलचल भी तेज है, राज्य के नेता भी इस मामले को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं. हाल ही में सपा के पूर्व सांसद डॉ एसटी हसन ने भी ईरान का खुलकर समर्थन किया था. इतना ही नहीं सपा नेता ने अमेरिका और इजरायल पर भी बड़ा बयान दिया था.

वहीं इरान-इजरायल तनाव के बीच भारत सरकार भी दोनों देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को निकाल रही है. इजराइल के दक्षिण में स्थित मुख्य अस्पताल पर ईरानी मिसाइल ने सीधा हमला किया जिसमें अस्पताल को भारी नुकसान पहुंचा है. हर दिन दोनों देश एक दूसरे के ऊपर मिसाइल अटैक कर रहे हैं. इसी बीच आज गुरुवार (19 जून) को ईरान से निकाले गए 100 से अधिक भारतीय छात्रों को लेकर विमान दिल्ली पहुंचा है. इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंधु के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया.

उत्तराखंड वन विभाग में पौधारोपण भ्रष्टाचार

>10 रुपये का पौधा 100 रुपये में खरीदा

देहरादून.

उत्तराखंड में वन विभाग के पौधारोपण में भ्रष्टाचार का आरोप है, यहां पर 10 रुपये का पौधा 100 रुपये में खरीदने का प्रस्ताव है. इस मामले को लेकर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने जांच के आदेश दिए हैं. देहरादून के झाझरा प्रोजेक्ट में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 18333 पौधों के लिए 100 रुपये प्रति पौधे की दर से लगभग 18.33 लाख का खर्च दिखाया गया है, जबकि 2020 में कालसी प्रोजेक्ट में यही पौधे 10 रुपये प्रति पौधा की दर से लगाए गए थे. इसका सीधा मतलब है कि 1 पौधे को खरीद में 90 रुपये का भ्रष्टाचार होता हुआ दिखाई दे रहा है.उत्तराखंड एक हरित प्रदेश है और यहां हरयाली प्रदेश का जीवन है और इस जीवन को बचाने वाले विभाग यानी वन विभाग खुद ही सवालों के घेरे में आ गया है. यहां वन विभाग ने 10 रुपये का पौधा 100 रुपये में खरीदा जाना था यह भारी अंतर तब उजागर हुआ जब मुख्य वन संरक्षक (कार्ययोजना) संजीव चतुर्वेदी ने प्रमुख वन संरक्षक को एक पत्र भेजा और उसके बाद इस गड़बड़ी की परतें खुलनी शुरू हुई.

आईएफएस अधिकारी चतुर्वेदी ने विभाग को लिखे गए अपने पत्र में इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की करने की बात कही है. देहरादून जिले के झाझरा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से पौधे लगाने के लिए तीन साल की अवधि में 52.40 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से खर्च का प्रस्ताव तैयार किया गया. यह वही तकनीक है जिससे साल 2020 में देहरादून के कालसी क्षेत्र में पौधे लगाए गए थे और उस समय जो खर्च आया था वो 11.86 लाख प्रति हेक्टेयर था.

आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार

> मोदी सरकार ने बजट तीन गुना किया

नई दिल्ली.

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार समाज के हर तबके के विकास के लिए लगातार काम रही है. पिछले 11 सालों में केंद्र की ओर से चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की वजह से आदिवासी और जनजातीय समाज के लोगों के जीवनस्तर में खासा सुधार आया है. केंद्रीय बजट 2025-26 ने जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए पर्याप्त राशि जारी की गई और जनजातीय विकास के लिए बजट में 3 गुना इजाफा किया गया. भारत में 10.45 करोड़ से अधिक आदिवासी लोग रहते हैं जो कुल आबादी का करीब 8.6 फीसदी है. आदिवासी समुदाय के लोग देश के सभ्यतागत ताने-बाने का अटूट हिस्सा रहे हैं. उन्होंने न सिर्फ समृद्ध परंपराओं, भाषाओं और ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित किया बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को आकार भी दिया. हालांकि समृद्ध विरासत के बावजूद, आदिवासी समुदायों को मुख्यधारा के विकास की कहानी से बाहर रखा गया लेकिन अब पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में इस मामले में खासी प्रगति हुई है. केंद्रीय बजट 2025-26 ने जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए धन में बड़े स्तर पर वृद्धि की. इसी तरह अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के मामले में भी वित्तीय आवंटन बढ़ाया गया है. अब जनजातीय मामलों के मंत्रालय का वार्षिक बजट 3 ज्यादा हो गया है, मोदी सरकार पहले जहां 2013-14 में 4,295.94 करोड़ रुपये का बजट था वो 2025-26 में बढ़कर 14,926 करोड़ रुपये हो गया है.

वन अधिकार अधिनियम आदिवासी और वन-निवासी समुदायों को वन भूमि और संशाधनों पर उनके निजी और सामुदायिक अधिकारों को कानूनी रूप से मान्यता देकर सशक्त बनाता है. पिछले 11 सालों में सरकार ने 17 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में एफआरए सेल, क्षमता निर्माण और जागरूकता अभियान के जरिए इसका कार्यान्वयन किया है. साथ ही धरती आबा अभियान के तहत, इस समुदाय के लोगों की फंडिंग आजीविका विकास और दावे के बाद सहायता करती है.

अनिल विज का राष्ट्रवाद पर जोर

चंडीगढ़.

हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतंत्र को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए जरूरी है कि हम हथियार, मिसाइलें बनाएं और खरीदें. विज ने कहा कि 'रोटी एक-दो कम खा लो, लेकिन हथियार बनाओ. हमें नहीं पता कब किसका दिमाग खराब हो और हमें उसे ठीक करना पड़े.

' उन्होंने जोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आज की सबसे बड़ी जरूरत है.विज ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का देश की संवैधानिक संस्थाओं में कोई भरोसा नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस योजनाबद्ध तरीके से इन संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के दिमाग में हमेशा तानाशाही रही है. उनके लिए प्रजातंत्र का कोई सम्मान नहीं है.' उन्होंने इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश में बार-बार लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन किया है.

हरियाणा के मंत्री ने दावा किया कि देश में धारा 356 का 192 बार इस्तेमाल हुआ, जिसके तहत चुनी हुई सरकारों को भंग किया गया. उन्होंने कहा कि इसमें से अधिकतर मामले कांग्रेस के शासनकाल में हुए. इसके विपरीत, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थक बताया. विज ने कहा, "पिछले 11 सालों में बीजेपी ने कभी भी लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ नहीं किया, क्योंकि हम देश की एक प्रजातांत्रिक पार्टी हैं."

अनिल विज ने बीजेपी की नीतियों पर कहा कि उनकी पार्टी देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसी ताकतों का समर्थन करें जो देशहित को सर्वोपरि मानती हों. विज के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है और इसे कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी की आक्रामक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है.

ग्लोबल रिपोर्ट में भारत की स्थिति उजागर

> अशांति बढ़ी, हिंसा का स्तर चरम पर

नई दिल्ली.

दुनियाभर में जारी उथल-पुथल, जंग के माहौल के बीच ये समझना काफी दिलचस्प है कि दुनिया के देश पिछले बरसों की तुलना में कितने सुरक्षित या असुरक्षित हुए हैं. वहां समय के साथ शांति आई है या फिर वे और अशांत ही होते गए हैं. इसी बिंदु पर जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 यानी वैश्विक शांति सूचकांक की रिपोर्ट काफी दिलचस्प जानकारी के साथ सामने आई है. इस रिपोर्ट के मुताबिक औसत तौर पर वैश्विक शांति में करीब 0.36 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है. यानी दुनिया समय के साथ और अशांत होती जा रही है. ये लगातार तेरहवां बरस है जब दुनिया में अशांति बढ़ती गई है. इस साल 74 देशों में स्थितियां सुधरी हैं तो 87 देशों में परिस्थितियां विकट हो गई हैं.

ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 की रैंकिंग के हिसाब से दुनिया के सबसे पांच सुरक्षित देश – आइसलैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया और स्वीट्जरलैंड हैं. जबकि सबसे ज्यादा असुरक्षित देश अफगानिस्तान, यमन, सीरिया, साउथ सूडान, इराक रहे हैं.सबसे चौंकाने वाली बात ये रही कि इजराइल जैसा अहम और ताकतवर समझा जाने वाला देश इस सूची में साउथ सूडान और सीरिया से थोड़ा ही ऊपर 155वें नंबर पर है. यानी रहने के लिहाज से ये बेहद असुरक्षित मुल्क है. वहीं, ईरान इस सूची में इजराइल से बेहतर स्थिति में नजर आता है.

ईरान की रैंकिंग 142 है. जो पाकिस्तान के 144वें पायदान से भी काफी अच्छी स्थिति में है. अपने आप में दुनिया का शांत होना काफी जरुरी है. क्योंकि इसकी गैरमौजूदगी में आर्थिक असमानता बढ़ती है. साथ ही, दुनिया की ग्लोबल जीडीपी में भी भारी गिरावट दर्ज होती है. अगर लोग लड़ने-झगड़ने और अपनी जिंदगी की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं में मशगूल रहेंगे तो फिर वे कला या फिर व्यापार, घर या दूसरे उत्पादक काम कैसे कर सकेंगे. जहां तक 2020 की बात है तो उस साल ग्लोबल पीस इंडेक्स रिपोर्ट कोविड 19 के आर्थिक प्रभाव और इस कारण होने वाली राजनीतिक अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर असर, हिंसा और दूसरे सामाजिक-आर्थिक विकास की वजह से प्रभावित रहा था. पर इस बार की स्थितियां अलग हैं.

राजेश पटेल बने शौर्य और ईमानदारी की मिसाल

> 70 तोले सोने की ज्वेलरी, 50 हजार नकद

अहमदाबाद.

12 जून को हुई विमान दुर्घटना के बाद राहत बचाव कार्य में लगे शुरुआती लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर वापस आए और सुलगते हुए मलबे में खोजबीन शुरू करने लगे. 57 साल के राजेश पटेल ने बताया कि उन्होंने घातक विमान दुर्घटना स्थल से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर एकत्र किए और पुलिस को सौंप दिए.

निर्माण व्यवसाय से जुड़े पटेल ने बताया,"बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा. हालांकि हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके. आग पर काबू पाने के बाद हमने बचाव कार्य शुरू किया."

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई 'स्ट्रेचर' नहीं था, इसलिए उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया. बचाव अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने एअर इंडिया विमान में सवार लोगों के सामान और अन्य सामग्री को बचाने का काम शुरू कर दिया.पटेल ने बताया, "जले हुए और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, आठ से 10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए. हमने उन्हें बचाव अभियान की निगरानी कर रहे पुलिस के एक अधिकारी को सौंप दिया."

गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने 16 जून को घोषणा की थी कि विमान के मलबे से मिली हर वस्तु वापस कर दी जाएगी. मंत्री ने कहा, "वीनाबेन अघेडा के शव से बरामद चार से पांच तोला सोने के आभूषण को सावधानीपूर्वक ढूंढ़कर उनके परिवार को लौटा दिया गया. इसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये थी."

विधान परिषद केस में एसआईटी जांच शुरु

> इओयु ने कसी जांच की कमर

पटना.

बिहार विधान परिषद के विस्तारित भवन के नीति विषयक शाखा में कंप्यूटर से डाटा डिलीट करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है.

इसकी जांच के लिए आर्थिक अपराधिक इकाई के साइबर सेल के जरिए स्पेशल टीम गठित की गई है. ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने जांच को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए साइबर क्राइम विशेषज्ञ ए सपी डी. अमरकेश के नेतृत्व में आठ सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है.

यह टीम विधान परिषद के सभापति के चैंबर में लगे कंप्यूटर से डाटा डिलीट होने के पीछे के मकसद, साजिश और दोषियों का पता लगाएगी. ईओयू ने कंप्यूटर के हार्ड डिस्क को फॉरेंसिक जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है और डाटा रूम को सील कर दिया है. टीम का नेतृत्व डी अमरकेश, पुलिस अधीक्षक (साइबर, प्रशिक्षण, पोर्टल एवं समन्वय) को सौंपी गई है.

इसके साथ ही टीम में सात अन्य पदाधिकारी शामिल किए गए हैं. विश्वासनिय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईओयू के जरिए इस मामले में विधान परिषद के छह कर्मियों के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है. अब एसआईटी इस मामले की तह तक जा कर पूरे मामले को खंगालने में जुट गई है.

बता दें कि कि 6 जून 2025 को यह यह मामला तब सामने आया, जब सभापति अवधेश नारायण सिंह ने ईओयू को सूचित किया कि उनके कार्यालय के कंप्यूटर में तकनीकी खराबी है. महत्वपूर्ण डाटा गायब हो गया है.

प्रारंभिक जांच में साइबर अटैक या मालवेयर की संभावना खारिज हुई, लेकिन यह पुष्टि हुई कि डाटा जान बूझकर डिलीट किया गया.

इस मामले में आर्थिक अपराध थाना में 9 जून को मामला दर्ज किया गया.

गोपनीय डाटा चोरी कर डिलीट किया गया

बिहार विधान परिषद के विस्तारित भवन की नीति विषयक शाखा के कंप्यूटर में छेड़छाड़ और डाटा डिलीट करने के मामले में गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाखा के कमरा नंबर 24 में लगे कंप्यूटर में नौकरी प्रमोशन समेत कई अहम डाटा थे. ईओयू ने जब इस कंप्यूटर को खोल तब पता चला कि कंप्यूटर का सारा गोपनीय डाटा चोरी कर डिलीट कर दिया गया है.